शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 19 – 30 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:53 | सूर्यास्त: 14:51 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं नक्सली : राष्ट्रपति मुर्मू पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हमें मार्ग पर चलना भी है, मार्ग बनाना भी है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# विधेयकों पर राज्यपाल एवं राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए समय-सीमा तय नहीं की जा सकती: सुप्रीम कोर्ट

## समय-सीमा लागू करना लचीलेपन के बिल्कुल विपरीत होगा

### तमिलनाडु मामले में 2 जजों की पीठ द्वारा दिया गया निर्देश असंवैधानिक

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई सांविधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय–सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने



10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए 14 संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय देते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा है। अदालत ने माना कि विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका 'संवैधानिक कर्तव्य' है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है। तमिलनाडु सरकार की याचिका पर निर्णय सुनाते हुए न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की अगुवाई वाली पीठ ने इस वर्ष अप्रैल में यह निर्धारित किया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर तीन महीने में मंजूरी देनी होगी।

### कल मुख्य सचिव की जिलाधिकारियों संग अहम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में आगामी 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज होने के साथ ही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। इसी बीच, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंथ शनिवार को नवान्न में सभी जिलाधिकारियों के साथ एक महत्व–पूर्ण प्रशासनिक बैठक करने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में चुनावी ढांचे, ईवीएम तैयारियों, तकनीकी सहायता, लॉजिस्टिक व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसे विधानसभा चुनाव की औपचारिक तैयारियों की शुरुआत माना जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी और शाह की मौजूदगी में नीतीश ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली






शपथ ग्रहण समारोह में मोदी का 'गमछा' लहराना बना आकर्षण

**पटना :** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को एक भव्य समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री पद की रिकॉर्ड 10वीं बार शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान भी इस अवसर पर मौजूद थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कुमार और 26 सदस्यीय मंत्रिपरिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्यपाल से नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बिहार सरकार में मंत्रियों के रूप में शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। यह समर्पित नेताओं की शानदार टीम है, जो बिहार को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सभी को मेरी शुभकामनाएं।'' समारोह के अंत में प्रधानमंत्री ने अपने चिरपरिचित अंदाज में 'गमछा' हवा में लहराकर उपस्थित जनसमूह का उत्साह बढ़ाया। शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान में विशाल मंच तैयार किया गया था, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी शिरकत की। इनमें आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, असम के हिमंत विश्व शर्मा और दिल्ली की रेखा गुप्ता शामिल थीं।

# ममता ने सीईसी को पत्र लिख 'अव्यवस्थित, दबाव वाली' एसआईआर प्रक्रिया रोकने की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ फिर आवाज उठाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिख उनसे इस कवायद को तुरंत रोकने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अनियोजित, दबाव डालने वाली और खतरनाक है। ममता ने कहा कि उन्होंने मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बार–बार अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं, और अब स्थिति काफी बिगड़ जाने के कारण उन्हें मजबूर होकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) को यह पत्र लिखना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि यह प्रक्रिया जिस तरह अधिकारियों और नागरिकों पर थोपी जा रही है, वह न केवल अनियोजित और अव्यवस्थित है, बल्कि खतरनाक भी है। बुनियादी तैयारी, पर्याप्त योजना और स्पष्ट संचार के अभाव ने पहले दिन से ही पूरे अभियान को पंगु बना दिया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने बुनियादी तैयारी, पर्याप्त योजना और स्पष्ट संवाद के बिना ही एसआईआर प्रक्रिया अधिकारियों और नागरिकों पर थोप दी है। उनका कहना था कि प्रशिक्षण में गंभीर खामियां, अनिवार्य दस्ता–वेजों को लेकर भ्रम, और कार्य समय में बीएलओ के लिए मतदाताओं से मिल पाना लगभग असंभव होने जैसी समस्याओं ने पूरे अभियान को संरचनात्मक रूप से कमजोर बना दिया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से आग्रह किया कि वे



निर्णायक हस्तक्षेप करें, जारी प्रक्रिया को रोका जाए, जबरन उपायों को बंद किया जाए, उचित प्रशिक्षण और समर्थन मुहैया कराया जाए, तथा वर्तमान कार्यप्रणाली और समयसीमा की गहन पुन? समीक्षा की जाए। उन्होंने लिखा कि यदि इसे तुरंत नहीं सुधारा गया, तो प्रणाली, अधिकारियों और नागरिकों पर इसके ठीक नहीं हो सकने वाले प्रभाव होंगे। उन्होंने इसे ऐसा समय बताया जब जिम्मेदारी, मानवता और निर्णायक सुधारात्मक कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने लिखा कि उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने मूल कर्तव्यों–जिनमें कई शिक्षक और अग्रिमपंक्ति के कर्मी शामिल हैं–का निर्वहन करें और साथ ही घर–घर जाकर सर्वे करें तथा जटिल ई–प्रस्तुतियों को संभालें। उन्होंने लिखा कि प्रशिक्षण की कमी, सर्वर फेल होने और बार–बार डेटा मेल न खाने के कारण अधिकांश अधिकारी ऑनलाइन फॉर्म भरने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होने कहा कि इसका परिणाम एक आसन्न गतिरोध होगा। ममता ने कहा कि इस रफ्तार से, यह लगभग तय है कि चार दिसंबर तक, कई चुनाव क्षेत्रों का वोटर डेटा सटीकता के साथ अपलोड नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बहुत ज़्यादा दबाव और सज़ा के डर में, कई बीएलओ को गलत या अधूरा विवरण भरने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे असली मतदाताओं के वोट छिनने और मतदाता सूची की शुचिता खत्म होने का खतरा है। ममता ने निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया को समर्थन नहीं बल्कि धमकी बताते हुए उसकी तीखी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय बिना किसी वजह के कारण बताओ नोटिस जारी कर रहा है, और जमीनी हकीकत को मानने के बजाय पहले से ही तनावग्रस्त बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) को अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर में कुप्रबंधन की मानवीय कीमत अब असहनीय हो गई है। उन्होंने जलपाईगुड़ी में बूथ–स्तरीय अधिकारी के रूप में तैनात एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मौत का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के जिस पुनरीक्षण में पहले तीन वर्ष लगते थे, उसे अब जबरन तीन महीनों में समेट दिया गया है, जिससे अमानवीय कार्य परिस्थितियां और डर तथा अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है।

### ईडी ने अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के खिलाफ मामले में 1,452 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत 1,452 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क कीं। ईडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए रिलायंस ग्रुप ने कहा कि ये संपत्तियां रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) की हैं, जो 2019 से समूह का हिस्सा नहीं है। ईडी के बयान में कहा गया है कि एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया, जिसके तहत मुंबई के धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) और मिलेनियम बिजनेस पार्क, नवी मुंबई में स्थित कई इमारतों के साथ–साथ पुणे, चेन्नई और भुवनेश्वर में स्थित भूखंडों और इमारतों को कुर्क किया गया।

### चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां दे रहा, हम स्थिति पर नज़र रख रहे हैं: उप नौसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नौसेना को पता है कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां दे रहा है। उन्होंने कहा कि नौसेना स्थिति पर नज़र रख रही है तथा देश की समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है। नवाचार और स्वदेशीकरण पर आधारित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'स्वावलंबन 2025' से पहले यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह भी माना कि चीन ने अपने तीसरे विमानवाहक पोत 'फुजियान' को नौसेना बेड़े में शामिल कर लिया है। विद्युत–चुंबकीय प्रक्षेपण प्रणाली ('इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट') से युक्त इस युद्धपोत को चीन का सबसे आधुनिक पोत बताया जा रहा है। पोत को इस महीने की शुरुआत में एक गोपनीय कार्यक्रम के दौरान सेवा में शामिल किया गया था। उस कार्यक्रम में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी मौजूद थे।

# दिल्ली की अदालत ने लालकिला बम धमाके के चार आरोपियों को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को लालकिला विस्फोट मामले में चार आरोपियों को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। इन लोगों को 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए कार विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। विस्फोट के बाद जम्मू–कश्मीर पुलिस ने मुजम्मिल गनई, अदील राथर और शाहीना सईद के साथ–साथ मौलवी इरफान अहमद वागे को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उन्हें श्रीनगर में हिरासत में लिया और पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। एनआईए ने चारों आरोपियों से पूछताछ के लिए अदालत से 15 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था।





### एनआईए ने तीन चिकित्सकों, धार्मिक उपदेशक को हिरासत में लिया

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को तीन चिकित्सकों और एक धार्मिक उपदेशक को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विस्फोट के बाद जम्मू–कश्मीर पुलिस ने मुजम्मिल गनई, अदील राथर और शाहीना सईद के साथ–साथ मौलवी इरफान अहमद वागे को गिरफ्तार कर लिया था। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, ''इन सभी ने आतंकवादी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।'' उनकी हिरासत एनआईए को सौंपे जाने के साथ ही केंद्रीय एजेंसी द्वारा आरोपित लोगों की संख्या छह हो गई है। एनआईए ने 11 नवंबर को आधिकारिक तौर पर इस मामले को अपने हाथों में लिया था। एनआईए पहले ही दो लोगों आमिर राशिद अली और जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार कर चुकी है।

# राजस्थान:फर्जी निवेश वेबसाइट गिरोह का भंडाफोड़, 3500 करोड़ की ठगी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के भरतपुर में पुलिस ने फर्जी निवेश वेबसाइट के जरिये 3500 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी जी। भरतपुर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगत आनंद ने बताया कि इस गिरोह ने देश भर के तीन लाख से अधिक भोले–भाले निवेशकों से 3500 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की थी। उन्होंने बताया कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब 12 नवंबर 2025 को मथुरा गेट थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारी के मुताबिक, शिकायत में बताया गया कि एक फर्जी निवेश वेबसाइट 'जीक्यूसीडब्यूडॉटसीएन' और मोबाइल एप्लिकेशन क्रिप्टोकरेंसी एवं विदेशी बाजारों (फॉरेक्स) में अधिक लाभ, बोनस



और अतिरिक्त प्रलोभन का झांसा देकर लोगों से निवेश करवा रही थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच में पाया गया कि यह कंपनी भारत में बाजार नियामक सेबी, आरबीआई या कंपनी मंत्रालय या किसी भी सक्षम प्राधिकरण से पंजीकृत नहीं थी। अधिकारी ने बताया कि वेबसाइट पर 2016 से रूस में सक्रिय होने की बात लिखी हुई थी लेकिन जांच में पता चला कि ये वास्तव में नवंबर 2022 में जयपुर से शुरू की गयी थी। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के मुख्य सूत्रधार संदीप सिगर और रजत शर्मा नाम के व्यक्ति पाए गए। पुलिस के मुताबिक, यह समूह 'पीवीपीडॉटकॉम' नाम की एक और फर्जी निवेश वेबसाइट भी चला रहा था, जिसके माध्यम से लगभग 9000 लोगों से 500 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई थी।

# डॉक्टरों, इंजीनियरों का देश विरोधी कामों में शामिल होना एक चलन बन गया है: दिल्ली पुलिस

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को फरवरी 2020 के दंगों के मामले में कार्यकर्ता उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं का जोरदार विरोध करते हुए कहा कि डॉक्टरों और इंजीनियरों का देश विरोधी कामों में शामिल होना अब एक चलन बन गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ को बताया कि सुनवाई में देरी आरोपियों की वजह से हुई है और वे इसका फ़ायदा नहीं उठा सकते। राजू ने नागरिकता संशोधन कानून के ख़िलाफ़ इमाम के 'भड़काऊ भाषण' के वीडियो शीर्ष अदालत में दिखाए। वीडियो में इमाम को फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से पहले 2019 और 2020 में चाखंड, जामिया, अलीगढ़ और आसनसोल में भाषण देते हुए देखा गया। अधिवक्ता ने कहा कि इमाम इंजीनियरिंग स्नातक है। उन्होंने कहा, ''आजकल यह चलन बन गया है कि डॉक्टर, इंजीनियर अपने पेशे का काम नहीं कर रहे हैं बल्कि देश विरोधी कामों में शामिल हो रहे हैं।'' राजू ने कहा, ''यह कोई सरल प्रदर्शन नहीं है। ये हिंसक प्रदर्शन हैं। वे बंद की बात कर रहे हैं।'' इस मौके पर न्यायमूर्ति कुमार ने पूछा कि क्या भाषण आर–ोपपत्र का हिस्सा थे, जिसका राजू ने 'हां' में जवाब दिया। खालिद, इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर और रहमान पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत 2020 के दंगों के 'मास्टरमाइंड' होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज़्यादा घायल हो गए थे। यह हिंसा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के दौरान भड़की थी।

# केंद्र ने रद्द की भारतीय जहाजों के लिए आव्रजन प्रणाली, बंदरगाहों के बीच आसानी से होगी आवाजाही

**नयी दिल्ली :** देश के समुद्र तटों पर सेवा देने वाले भारतीय नाविकों को राहत देते हुए, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो दशक पुरानी उस आव्रजन व्यवस्था को बृहस्पतिवार को खत्म कर दिया, जिन्हें देरी की एक बड़ी वजह माना जाता था। भारतीय ध्वज वाले ऐसे जहाजों, जो सिर्फ़ भारतीय पत्तन की सीमा के अंदर संचालित होते हैं, उनके चालक दल के लिए खत्म किये गए दो मुख्य नियमों में 'कोस्टल साइन–ऑन' और 'साइन–ऑफ सिस्टम' तथा 'शोर लीव पास' प्रणाली शामिल हैं। इन जहाजों में ड्रेजर (तल से गाद निकालने वाली) और अनुसंधान पोत आदि शामिल हैं। पहले, नाविकों को अंतरराष्ट्रीय आव्रजन मंजूरी जैसी मुश्किल दस्तावेजी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था, भले ही वे भारतीय पत्तनों के बीच आते–जाते हों। इसके अलावा, एक नाविक को जहाज से उतरने और किनारे पर जाने (शोर लीव) के लिए एक नियमित आव्रजन पास की ज़रूरत होती थी। इन दोनों प्रक्रियाओं को खत्म करने के इस फैसले के साथ, सरकार ने नाविकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि



नरेंन्द्र मोदी सरकार भारत के नाविकों के साथ मज़बूती से खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे नाविकों को मज़बूत बनाने के लिए, (गृह मंत्री) अमित शाह जी के मज़बूत नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से भारतीय जल क्षेत्र में संचालित होने वाले सभी भारतीय जहाजों के लिए 'साइन–ऑन, साइन–ऑफ़ और शोर लीव पास' की दशकों पुरानी ज़रूरतों को खत्म कर दिया है।'' पूर्व की व्यवस्था में, चालक दल के प्रत्येक सदस्य को हर 10 दिन में अपना 'शोर लीव पास' लेने और नवीकरण कराने के लिए खुद आव्रजन कार्यालय जाना पड़ता था। इस प्रक्रिया को बहुत बोझिल माना जाता था, जिससे नाविकों के लिए जहाज पर अपने ज़रूरी काम पर ध्यान देना बहुत मुश्किल हो जाता था।

### एसआईआर के दूसरे चरण के लिए गणना प्रपत्र वितरित करने का काम लगभग पूरा: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र का वितरण लगभग पूरा हो गया है और लगभग 99 प्रतिशत मतदाताओं को आंशिक रूप से भरा हुआ दस्तावेज मिल गया है। अपने दैनिक एसआईआर बुलेटिन में आयोग ने कहा कि 50.97 करोड़ मतदाताओं में से 50.40 करोड़ को फॉर्म जारी किए गए हैं, जो 98.89 प्रतिशत है। एसआईआर की कवायद का दूसरा चरण चार नवंबर को शुरू हुआ था और चार दिसंबर तक जारी रहेगा। जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर की कवायद जारी है, उनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप शामिल हैं। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होना है। असम में भी अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। आयोग ने पूर्वोत्तर के इस राज्य के लिए ''विशेष पुनरीक्षण'' की घोषणा की है।

# भारत गरीबी कम करने के लक्ष्य को पाने की राह पर : यूनिसेफ

**नयी दिल्ली :** भारत 2030 की समयसीमा से पहले बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को हासिल करने की राह पर है। हालांकि, लाखों बच्चे अब भी शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छ पानी जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंच में गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। यूनिसेफ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2025: एंडिंग चाइल्ड पॉवर्टी – आवर शेयर्ड इम्पेरेटिव' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 20.6 करोड़ बच्चे–जो देश की बाल आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं–शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पोषण, स्वच्छ पानी और स्वच्छता सहित छह आवश्यक सेवाओं में से कम से कम एक तक पहुंच से वंचित हैं। रिपोर्ट में कहा गया, इनमें से एक–तिहाई से भी कम (6.2 करोड़) बच्चों की पहुंच दो या उससे अधिक बुनियादी सेवाओं तक नहीं है, और उन्हें दो या अधिक कमियों से उबरने के लिए अब भी सहायता की आवश्यकता है। विश्व बाल दिवस के अवसर पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 46 करोड़ बच्चों में से आधे से ज़्यादा बच्चों को अब बुनियादी सेवाएं मिल रही हैं, लेकिन प्रगति अब भी एक जैसी नहीं है। यूनिसेफ ने कहा, भारत ने गरीबी कम करने की दिशा में तरक्की की है – जो 2030 के आखिर से पहले एसडीजी 1.2 को पाने की दिशा में आगे बढ़ने का एक मजबूत संकेत है – जबकि दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में बच्चों की भलाई में निवेश रुका हुआ है। संस्था ने कहा कि गरीबी उन्मूलन में भारत की प्रगति बाल गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण रही है।

# पुलिस ने कश्मीर टाइम्स के जम्मू कार्यालय पर छापा मारा, एके राइफल के कारतूस बरामद

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में बृहस्पतिवार को यहां 'कश्मीर टाइम्स' के कार्यालय पर छापा मारा और अन्य चीजों के अलावा एके राइफलों के कारतूस तथा पिस्तौल के कुछ कारतूस बरामद किए।




अधिकारियों ने कहा कि एसआईए के अधिकारियों ने प्रकाशकों और प्रवर्तकों के खिलाफ एक मामला दर्ज करने के बाद अखबार के परिसरों और कंप्यूटरों की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि छापेमारी में एसआईए ने एके राइफल के कारतूस, पिस्तौल के कुछ कारतूस और हैंड ग्रेनेड पिन समेत अन्य सामान जब्त किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रकाशन के प्रवर्तकों से पूछताछ हो सकती है। वहीं, कश्मीर टाइम्स के प्रबंधन ने प्रकाशन के जम्मू कार्यालय में कथित छापे की कड़ी आलोचना की और कहा कि राज्य के खिलाफ गतिविधियों के आरोप एक स्वतंत्र मीडिया संस्थान को दबाने की एक सोची–समझी कोशिश है। सोशल मीडिया पर जारी एक संयुक्त बयान में, संपादक प्रबोध जामवाल और अनुराधा भसीन ने कहा, जम्मू में हमारे कार्यालय पर कथित छापा, राष्ट्र के खिलाफ गतिविधियों के बेबुनियाद आरोप और कश्मीर टाइम्स पर समन्वित कार्रवाई हमें चुप कराने की एक और कोशिश है। उन्होंने कहा, सरकार की आलोचना करना और सरकार से दुश्मनी करना एक जैसा नहीं है। असल में, यह इसका बिल्कुल उल्टा है। एक मजबूत, सवाल पूछने वाला प्रेस एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है। सत्ता को जिम्मेदार ठहराने, भ्रष्टाचार की जांच करने, पिछड़ी आवाजों को पुरजोर करने का हमारा काम हमारे देश को मजबूत करता है। यह इसे कमजोर नहीं करता।

# विकास की रोशनी दूर करेगी हिंसा का अंधेरा

इसमें दो राय नहीं है कि शीर्ष माओवादी कमांडर हिडमा का मुठभेड़ में मारा जाना वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ देश की दशकों पुरानी लड़ाई में निर्णायक सफलताओं में से एक है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व पर प्रहार से देश नक्सली हिंसा से मुक्ति की राह में कामयाबी की तरफ बढ़ा है। लगभग तीन दशकों तक हिडमा बस्तर में चौंकाने वाली रणनीतियों से बड़े हमलों को अंजाम देता रहा है। बताते हैं कि वह सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों का मास्टरमाइंड रहा है। छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर सुरक्षा बलों द्वारा हिडमा व उसकी पत्नी समेत छह नक्सलियों को मार गिराना केंद्र सरकार की उस रणनीति की सफलता को दर्शाता है, जिसमें 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य तय किया गया था। इसी साल मार्च में बीजापुर में जब 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था तब गृहमंत्री अमित शाह ने उनके फैसले का स्वागत करते हुए सभी का पुनर्वास करके, उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही थी। निस्संदेह, हिडमा का सफाया नक्सलवादी संचालन ढांचे के खात्मे और भारत में उग्रवाद विरोधी तंत्र की एक महत्वपूर्ण जीत का संकेत है। गुरिल्ला आर्मी की बटालियन-1 के कमांडर के रूप में हिडमा का उदय- वंचित युवाओं की भर्ती करने, उन्हें प्रशिक्षित करने और हथियार बनाने की उग्रवादी क्षमता का प्रतीक रहा है। उसकी गिनती सबसे खूंखार नक्सलवादी कमांडर के रूप में होती रही है। अब वर्ष 2010 का दंतेवाड़ा हमला हो या 2013 का झीरम घाटी हमला, पिछले बीस वर्षों में हुए लगभग सभी बड़े नक्सली हमलों के पीछे हिडमा की रणनीति बतायी जाती है। वहीं दूसरी ओर इन हमलों ने भारत की सुरक्षा रणनीति को नया रूप दिया। इससे पहले इसी साल मई में सुरक्षाबलों ने माओवादी संगठन के जनरल सक्रेटरी बसवराजू को भी मार गिराया था। वहीं इस साल विभिन्न मुठभेड़ों में तीन सौ से अधिक नक्सली मारे जाने से नक्सलवाद छोटे इलाके में सिमटा है।

निस्संदेह, सुरक्षा बलों की तत्परता और सुनियोजित अभियानों से नक्सलवाद कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन जरूरत उन परिस्थितियों को दूर करने की है, जिन्होंने नक्सलवाद को जन्म दिया। आवश्यकता उन मुद्दों के समाधान की है, जिसके चलते माओवाद को जड़ें जमाने का मौका मिला। बस्तर का अधिकांश क्षेत्र लगातार विकास की विसंगतियों, खनन से संसाधनों के मनमाने दोहन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कारण विस्थापन व जनजातीय समुदायों और राज्य के बीच विश्वास की कमी से जूझता रहा है। अभी भी आदिवासियों की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, गुणवत्तापूर्ण स्कूलों, भूमि अभिलेखों और कल्याणकारी योजनाओं तक पूरी तरह पहुंच नहीं बन पायी है। दूर-दराज के कई गांवों में ग्रामीणों को प्रशासन का अनुभव नागरिक संस्थानों के बजाय सुरक्षा बलों की मौजूदगी से ही होता है। दरअसल, विकास की नीतियों से जुड़े वायदों और हकीकत का अंतर ही आदिवासियों में असंतोष को बढ़ाता है। भले ही माओवाद का प्रभाव कम हो जाए। वास्तव में जब तक शासन जिम्मेदार, जवाबदेह और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील नहीं बन पाता, तब तक माओवादी संस्कृति के पनपने की आशंकाएं बनी रहेंगी। दरअसल,क्षेत्र में तंत्र की अनुपस्थिति ने ही चरमपंथियों को आदिवासियों के रक्षक के रूप में पेश करने का मौका दिया। निस्संदेह, सुरक्षा बलों ने माओवाद के खात्मे की दिशा में बड़ा काम कर दिया है, अब राज्यों के पास इस रणनीतिक जीत को स्थायी शांति में बदलने का अच्छा अवसर है। इसकी प्राप्ति के लिये यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि सड़कें, स्कूल, नागरिक अधिकार व आजीविका बस्तर के वनाच्छादित इलाकों तक पहुंचे। तभी देश नक्सली हिंसा के दंश से भविष्य में मुक्त रह पाएगा। अभी नक्सवादियों पर जो चौतरफा दबाव बना है और जिस तरह से नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं, उसके निहितार्थों को स्थायी बनाने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में जारी सघन अभियान से बच निकलकर नक्सली देश के अन्य राज्यों में नये ठिकाने न तलाश लें। साथ ही समर्पण करने वाले नक्सलियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल करने के संवेदनशील प्रयास भी बेहद जरूरी हैं।

# राजकोषीय नीति से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा- जीएसटी 2.0 पर्यटन पुनरुत्थान को गति दे रहा है

**लेखक: श्री ज्ञान भूषण और डॉ. प्रतीक घोष**

भारत में पर्यटन हमेशा घूमने-फिरने से कहीं ज़्यादा रहा है: यह संस्कृतियों के बीच संवाद है, प्रदेशों के बीच एक पुल है और लाखों लोगों के लिए आजीविका का साधन है। फिर भी, दशकों तक, पर्यटन क्षेत्र पर अलग-अलग टैक्स, ज़्यादा लागत और असमान विकास का बोझ रहा। हालाँकि, हाल ही में पेश की गई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की पुनर्संरचना इस गाथा को फिर से लिखने में मदद कर रही है।

होटल, परिवहन और सांस्कृतिक वस्तुओं की कम दर के कारण भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के विकास बहुत बढ़ावा मिला है। इससे भी ज़रूरी बात यह है कि इसने आम यात्री को मज़बूत बनाया है, उनकी जेब में ज़्यादा पैसे आए हैं तथा इससे घूमने-फिरने, व्यवसाय और चिकित्सा पर्यटन पहले से कहीं ज़्यादा सस्ते हो गये हैं।

**सरल टैक्स, मज़बूत यात्रा अर्थव्यवस्था**

सालों से, यात्रा ऑपरेटर, होटल और परिवहन सुविधा प्रदाता कई करों, जैसे सेवा कर, वैट और लग्ज़री कर के बीच संतुलन बनाए रखना पड़ता था; जो सभी राज्यों में अलग-अलग होता था। 2017 में जीएसटी आने से कुछ स्पष्टता आई, लेकिन 2025 का सुधार और आगे बढ़ गया है, जिसने सरलीकरण को प्रोत्साहन में बदल दिया है।

7,500 से कम कीमत वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करना परिवर्तनकारी साबित हो रहा है। जैसा कि एक बड़े अखबार के लेख में बताया गया है, इस कदम से मध्य आय-वर्ग के परिवारों और बजट यात्रियों- जो भारत के घरेलू पर्यटन का आधार हैं- के लिए यात्रा काफी सस्ती हो गयी है। इसके अलावा, यह विदेशी यात्रियों के लिए भी काफी सुगम होगा, क्योंकि यात्रा लागतें अब दूसरे देशों के मुकाबले ज़्यादा प्रतिस्पर्धी हो गई हैं।

होटल और होमस्टे ज़्यादा बुकिंग, ज़्यादा समय तक रुकने और ज़्यादा स्थानीय खर्च की रिपोर्ट दे रहे हैं। छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए, कम अनुपालन लागत और एक जैसे टैक्स फ्रेमवर्क ने व्यवसाय व्यावहारिकता को बेहतर बनाया है और औपचारिक क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, जो पैमाने और स्थायित्व की ओर एक शांत लेकिन शक्तिशाली बदलाव है।

**किफायती आवागमन: समावेश का संचालक**

पर्यटन, परिवहन संपर्क-सुविधा पर फलता-फूलता है। इसीलिए यात्री परिवहन, खासकर 10 से ज़्यादा सीटों वाली बसों पर जीएसटी में 28% से 18% की कटौती, एक और गेम चेंजर है। इससे पता चलता है कि इस कदम ने तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरीय और समूह यात्रा को किस प्रकार ज़्यादा आसान बना दिया है। धार्मिक क्षेत्र से लेकर इको-पर्यटन पार्क और ग्रामीण इलाकों में घूमने की जगहों तक, किफायती आवागमन ने यात्रा को आसान बनाया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया है।

एक ऐसे देश में, जहाँ पर्यटन क्षेत्रीय समानता के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है, वहाँ बस किराये में हुई हर बचत सशक्तिकरण का एक ज़रिया बन जाती है। सस्ते और स्वच्छ परिवहन विकल्प न सिर्फ़ पहुँच बढ़ाते हैं बल्कि प्राइवेट गाड़ियों के बजाय साझा यात्रा को बढ़ावा देकर भारत के सतत विकास लक्ष्यों में भी योगदान देते हैं।

**सांस्कृतिक निवेश: शिल्पकारों को सशक्त बनाना**

भारत की अपील सिर्फ़ उसके परिदृश्यों या स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीती-जागती परंपराओं में भी मौजूद है। इसे मान्यता देते हुए, सरकार ने कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर भी जीएसटी को 12% से घटाकर 5% कर दिया। हाथ से बुनी हर कांचीपुरम साड़ी, नक्काशीदार चंदन की मूर्ति, या टेराकोटा लैंप एक कहानी कहता है और अब, हर एक शिल्प उत्पाद को सही दामों पर खरीदा जा सकता है।

> **कम टैक्स, अधिक भरोसा और किफायती यात्रा में बढ़ोतरी, ये सभी भारतीयों के अपने देश को जानने-समझने के तरीके को फिर से तय कर रहे हैं**

यहां टैक्स कम करना सिर्फ़ एक आर्थिक इशारा नहीं है। यह एक सांस्कृतिक निवेश है। यह उस विविधता को बनाए रखता है, जो भारतीय पर्यटन की आत्मा है, साथ ही यह शिल्पकारों, जिनमें से कई महिलाएं और ग्रामीण उद्यमी हैं, को आजीविका का स्थायी साधन देता है।

**संगठित क्षेत्र बनने के प्रति भरोसा**

जीएसटी के सबसे लंबे समय तक चलने वाले फायदों में से एक है- स्पष्टता और सही अनुमान। छोटे होटल, यात्रा ऑपरेटर और यात्रा एजेंसियां अब राज्य-विशेष टैक्स को समझने के बजाय एक ही राष्ट्रीय टैक्स फ्रेमवर्क के तहत काम करती हैं। संगठित क्षेत्र बनने के प्रति यह भरोसा ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान प्रणाली के दरवाज़े खोलता है जो उन छोटे व्यवसायों के लिए जीवनरेखा है, जो कभी असंगठित तरीके से चलते थे। यह निवेशकों और उद्यमियों के बीच भरोसा भी बढ़ाता है, जिससे इको-लॉज और हेरिटेज स्टे से लेकर आरोग्य स्थल तक, यात्रा अनुभव में नवाचार होता है।

**चिकित्सा पर्यटन: एक स्वस्थ प्रोत्साहन**

भारत का उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र, जो पहले से ही एशिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है, नए जीएसटी दरों का एक और बड़ा लाभार्थी है। होटल और परिवहन पर कम टैक्स से उन अंतर्राष्ट्रीय मरीज़ों के लिए इलाज पैकेज का खर्च सीधे तौर पर कम हो जाता है जो सस्ती कीमतों पर विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य देख-भाल के लिए भारत आते हैं।

इलाज को आराम, पोषण और व्यापक देख-भाल के साथ जोड़कर एकीकृत उपचार अनुभव देने के लिए अस्पताल, आरोग्य केंद्र और आतिथ्य श्रृंखला तेज़ी से मिलकर काम कर रहे हैं। रहने की प्रतिस्पर्धी लागत और आसान यात्रा लॉजिस्टिक्स के साथ, भारत अफ्रीका, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के उन मरीज़ों के लिए और भी मज़बूत गंतव्य बन रहा है, जो पश्चिमी देशों की तुलना में पाँचवें हिस्से के खर्च में अच्छी चिकित्सा देख-भाल चाहते हैं।

**वैश्विक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक प्रभाव**

वैश्विक स्तर पर, किफ़ायती खर्च यात्रा के विकल्प तय करता है और हाल तक, भारत थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों से पीछे था, जो कम होटल टैक्स और आसान उप-कर के लिए जाने जाते थे। नई जीएसटी प्रणाली इस अंतर को कम करती है। तर्कसंगत दरों के साथ, भारत अब आयुर्वेद रिट्रीट्स और इको-पर्यटन लॉज से लेकर लग्ज़री हेरिटेज होटलों तक, वैश्विक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विश्व-स्तरीय अनुभव देता है।

यह क्षेत्र अभी भारत की जीडीपी में लगभग 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन से ज़्यादा लोगों को आजीविका देता है। लगातार टैक्स सुधार और अवसंरचना निवेश के साथ, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह योगदान 2030 तक दो-गुना हो सकता है, जिससे रोजगार, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के लिए फ़ायदे कई गुना बढ़ जाएंगे।

**स्थानीय विकास, वैश्विक गाथा**

आम नागरिकों के लिए, इन सुधारों के फ़ायदे बहुत व्यक्तिगत हैं। एक परिवार, जो कभी ज़्यादा होटल खर्च के कारण छुट्टियां टाल देता था, अब यात्रा को किफायती पाता है। छात्र अध्ययन यात्रा कर सकते हैं, तीर्थयात्री आरामदायक यात्रा कर सकते हैं और दूर-दराज गांवों के कारीगर अपने उत्पाद उन पर्यटकों को बेच सकते हैं, जो उनकी कला की तारीफ़ करते हैं।

**सांस्कृतिक रूप से भरोसेमंद और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत की ओर**

जीएसटी रेट में बदलाव, सिर्फ़ कागज़ पर लिखी संख्या के बारे में नहीं है। यह सशक्तिकरण के दर्शन को प्रतिबिंबित करता है कि हर नागरिक को भारत के व्यापक सांस्कृतिक परिदृश्य में यात्रा करने, सीखने और जुड़ने में सक्षम होना चाहिए। पर्यटन को ज़्यादा किफायती, आवागमन को ज़्यादा समावेशी, और उद्यम को ज़्यादा व्यावहारिक बनाकर, ये सुधार अर्थव्यवस्था को लोगों के करीब लाते हैं। ये स्थानीय विरासत से जुड़े रहते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के प्रति भारत की तैयारी का भी संकेत देते हैं।

यात्री के लिए, इसका मतलब है ज़्यादा छुट्टियां और बेहतर अनुभव। उद्यमी के लिए, इसका मतलब है ज़्यादा अवसर। भारत के लिए, इसका मतलब है, ऐसी प्रगति जो व्यक्तिगत लगे, जहाँ हर सफ़र एक ज़्यादा जीवंत, समान और भरोसेमंद देश की ओर एक कदम बन जाए।

**लेखक:**

श्री ज्ञान भूषण, (आई ई एस), वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, पर्यटन मंत्रालय और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी), भारत सरकार

डॉ. प्रतीक घोष, विभागाध्यक्ष, डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, चंडीगढ़

(इस लेख में व्यक्त विचार लेखकों की निजी राय हैं)

## विदेश की खबरें

# भारत, पाकिस्तान को 350 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी, मोदी एवं शरीफ ने मुझे फोन किया था: ट्रंप

**ट्रंप का नया दावा**

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने भारत एवं पाकिस्तान को 350 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देकर उनके बीच जारी हमलों को रुकवाया था और इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन करके कहा था कि ''हम युद्ध नहीं करेंगे।'' ट्रंप 60 से अधिक बार इस दावे को दोहरा चुके हैं कि उन्होंने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव ''शांत करने में मदद की'' जबकि भारत किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के दावे को लगातार नकारता रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा, ''...मैं झगड़े सुलझाने में अच्छा हूं और हमेशा से ऐसा रहा हूं। मैंने पिछले कुछ साल में, यहां तक कि इससे पहले भी इस



दिशा में बहुत अच्छा काम किया है। मैं अलग-अलग लड़ाइयों के बारे में बात कर रहा हूं... भारत, पाकिस्तान... वे परमाणु हथियारों से हमले करने वाले थे।'' ट्रंप ने 'अमेरिका-सऊदी निवेश मंच' में दावा किया कि उन्होंने परमाणु हथियार रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों से कहा था कि वे ''युद्ध जारी रख सकते हैं लेकिन मैं दोनों देशों पर 350 प्रतिशत शुल्क लगा रहा हूं। वे अमेरिका के साथ अब व्यापार नहीं कर पाएंगे।'' 'अमेरिका-सऊदी निवेश मंच' में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी शामिल हुए। ट्रंप ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों ने उनसे ऐसा नहीं करने के लिये कहा था।

### अमेरिका में कुशल प्रवासियों का स्वागत करूंगा, इस पर आलोचना झेलने के लिए तैयार हूं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ऐसे कुशल प्रवासियों का देश में ''स्वागत'' करेंगे जो अमेरिकी श्रमिकों को चिप और मिसाइल जैसे जटिल उत्पाद बनाने की तकनीक ''सिखाएंगे।'' ट्रंप ने साथ ही यह भी माना कि इस मुद्दे पर उन्हें अपने उस समर्थक वर्ग से ''थोड़ी आलोचना'' झेलनी पड़ सकती है, जो कड़ी आव्रजन पाबंदियों का समर्थन करता है। ट्रंप ने बुधवार को अमेरिका-सऊदी अरब निवेश मंच को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका में बड़ी संख्या में संयंत्र बन रहे हैं जिनमें कई ''बेहद जटिल'' कार्यों से जुड़े हैं और वे देश की आर्थिक वृद्धि में बड़ा योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि इन संयंत्रों में टेलीफोन, कंप्यूटर और मिसाइल जैसे अत्यधिक जटिल उत्पाद बनाए जाएंगे इसलिए कंपनियों को विदेशों से कुशल कर्मियों को लाना होगा जो अमेरिकी श्रमिकों को प्रशिक्षण दे सकें।

# भारत और पाकिस्तान की नौसेनाओं के जहाज कोलंबो बंदरगाह पहुंचे

**कोलंबो :** श्रीलंकाई नौसेना ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस सुकन्या 'ऑपरेशनल टर्नअराउंड' के लिए कोलंबो बंदरगाह पहुंच चुका है। 'ऑपरेशनल टर्नअराउंड' का अर्थ उस प्रक्रिया से है जिसमें किसी जहाज को अभियानगत कार्यों को पूरा करने के बाद फिर तैयार किया जाता है, ताकि वह आगे की यात्रा या मिशन के लिए पुनः उपयोग में लाया जा सके। आईएनएस सुकन्या मंगलवार को कोलंबो पहुंचा, जहां श्रीलंका की नौसेना ने परंपराओं के मुताबिक उसका स्वागत किया। आईएनएस सुकन्या कमांडर संतोष कुमार वर्मा की कमान में कोलंबो पहुंचा। इस जहाज की लंबाई 101 मीटर है। जहाज चालक दल के यात्रा कार्यक्रम में श्रीलंका नौसेना के साथ सद्भावना गतिविधियों में शामिल होने और द्वीप के कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि यात्रा के समापन पर, आईएनएस सुकन्या शुक्रवार को द्वीप से प्रस्थान करेगा। इस बीच, उसी दिन ईंधन भरवाने के लिए श्रीलंका पहुंचा पाकिस्तानी नौसेना का जहाज सैफ बुधवार को रवाना हो गया। नौसेना ने कहा, श्रीलंका नौसेना ने नौसेना की परंपराओं का पालन करते हुए कोलंबो बंदरगाह से प्रस्थान करने वाले जहाज को पारंपरिक विदाई दी।

# भारत ने द्वीपीय देशों की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एकजुट वैश्विक कार्रवाई का आग्रह किया

**बेलेम (ब्राजील) :** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के लिए ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने हेतु समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान करते हुए कहा कि सौर ऊर्जा परिवर्तन और सामाजिक क्रांति का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) एसआईडीएस मंच के उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में बुधवार को यादव ने आईएसए के माध्यम से द्वीपीय देशों को भारत के समर्थन को रेखांकित किया और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश के तेजी से विस्तार की ओर इशारा किया। यादव ने कहा कि छोटे द्वीपीय विकासशील देशों (एसआईडीएस) को आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता, जलवायु संबंधी व्यवधानों और कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण 'अद्वितीय कमजोरियों' का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किफायती, स्वच्छ और लचीली ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए सामूहिक स्तर पर कार्रवाई आवश्यक है। आईएसए एसआईडीएस मंच का उद्देश्य मानकीकृत खरीद, मिश्रित वित्त और स्थानीय क्षमता निर्माण के जरिये सौर प्रौद्योगिकियों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए एक डिजिटल और वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। यहां यूएनएफसीसीसी कॉप 30 के अवसर पर आयोजित उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में एसआईडीएस और आईएसए के सदस्य देशों के मंत्री और वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ आए।

# अमेरिका ने भारत को 'एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल', 'जेवलिन मिसाइल सिस्टम' की बिक्री को मंजूरी दी

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका ने भारत के लिए 'एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल', 'जेवलिन मिसाइल सिस्टम' और संबंधित उपकरणों की कुल नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिका ने भारत को हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता एवं शांति के लिए एक ''महत्वपूर्ण शक्ति'' बताया है। अमेरिका ने यह भी कहा कि इस बिक्री से एक ''प्रमुख रक्षा साझेदार''



की सुरक्षा मजबूत होगी। रक्षा सहयोग एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्रालय ने भारत को अनुमानित लागत चार करोड़ 71 लाख अमेरिकी डॉलर पर 'एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल' और संबंधित उपकरणों की और अनुमानित लागत चार करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर पर 'जैवलिन मिसाइल सिस्टम' एवं संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। रक्षा सहयोग एजेंसी ने संसद को बिक्री की जानकारी देते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण प्रदान किया।

### भारत ने नेपाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए 'मॉड्यूलर' पुल का तोहफा दिया

**काठमांडू :** भारत ने बृहस्पतिवार को बागमती प्रांत के हेटौडा में एक कार्यक्रम के दौरान नेपाल सरकार को 70 मीटर लंबा 'मॉड्यूलर' पुल सौंपा। 'मॉड्यूलर' पुल को स्थापना के लिए तुरंत रामेछाप जिले में भेजा जाएगा, जहां अक्टूबर में भारी बारिश के बाद से सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के परिवहन मंत्री कुलमन घीसिंग को 'मॉड्यूलर' पुल सौंपा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 नवम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 14:46 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 13:48 तक, योग : अतिगंदा, 10:40 तक, सूर्योदय: 05:53, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 06:41, चन्द्रास्त: 17:25, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 10:00 से 11:22

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मेहनत का फल लेकर आया है। आपकी नेतृत्व क्षमता सबको प्रभावित करेगी। काम में आपकी ऊर्जा और तेजी देखकर लोग आपकी तारीफ़ करेंगे।

**वृष :** आज आप मानसिक रूप से काफी शांत और स्थिर महसूस करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। रुके हुए काम पूरे होंगे पर नया निवेश करने में जल्दबाज़ी न करें।

**मिथुन :** आज आपकी बात करने की कला और सामाजिकता आपको फायदा देगी। नए लोगों से मिलने का एक अच्छा अवसर बना सकता है। यात्रा भी संभव है। यात्रा के दौरान सावधानी रखें।

**कर्क :** आप आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर-परिवार पर ध्यान ज्यादा रहेगा। ऑफिस में काम पर फोकस रखें, छोटी-छोटी बातों पर बहस से बचें।

**सिंह :** आत्मविश्वास और रचनात्मकता आज अपने चरम पर रहेगी। लक्ष्य पूरे करने का उत्साह आपको आगे बढ़ाएगा। बॉस आपसे खुश रहेंगे और नेतृत्व का मौका मिल सकता है।

**कन्या :** आज आपको अनुशासन और व्यवस्थित तरीके से काम करने की ज़रूरत है। काम को टालकर न रखें, जितना ध्यान लगाएंगे उतना अच्छा परिणाम मिलेगा।

**तुला :** आज का दिन रिश्तों, साझेदारी और संतुलन पर केंद्रित रहेगा। किसी नए पार्टनर या सहयोग से लाभ मिलने के योग हैं। टीम में काम करने से अच्छे परिणाम आएंगे।

**वृश्चिक :** आज आप थोड़े गहरे विचारों में डूबे रहेंगे। अचानक कोई लाभ भी मिल सकता है और कोई छोटा नुकसान भी इसलिए सतर्क रहें। पुराने काम आसानी से पूरे होंगे।

**धनु :** आज भाग्य आपका साथ देगा। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और यात्रा का योग भी है। पढ़ाई, रिसर्च या उच्च शिक्षा वाले लोगों के लिए शुभ दिन है। नौकरी में पदोन्नति का अवसर मिल सकता है।

**मकर :** आप आज अपनी छवि और करियर पर ज्यादा ध्यान देंगे। मेहनत से ही सफलता का रास्ता बनेगा। वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए भी अच्छा समय है।

**कुम्भ :** आज आपका दिमाग नए और अनोखे विचारों से भरा रहेगा। सामाजिक कामों में भी रुचि बढ़ेगी। आय के नए साधन खुल सकते हैं। दोस्तों के साथ समय बिताना आपको नई दिशा देगा।

**मीन :** आज आपका अंतर्ज्ञान बढ़ेगा। जो भी मन कहे, उस पर भरोसा कर सकते हैं। खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखें, लेकिन रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना भी है।

## वर्ग पहेली नं. 3271

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | ■ | ■ | 27 | | |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) जनमत, 4) रुकावट; बाधा, 7) निगलना, 9) राजनेता, 10) कंगाल, 11) वसा, 13) एक नशीला तरल पदार्थ, 14) आपाधापी; हाथापाई, 16) इच्छारहित, 18) अधिक; दूसरा, 19) सामूहिक गायन, 20) मुसीबत, 22) पैरगाड़ी, 23) तल्लीन, 24) ख़्याल; विचार, 25) एक मेवा, 27) सामर्थ्य, 28) भूलचूक, 29) चुप्पी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) लुढ़कना; लेटना, 2) एक जलचर, 3) जलथल सीमा भूमि, 4) एक फल, 5) बदज़बानी, 6) शासकीय, 8) कूड़ा, 12) रोगी, 15) संपत्ति आदि का स्वामी, 17) मूल्यकटौती, 18) साधारण, 19) भारत में एक शहर, 20) नियंत्रण; निग्रह; परहेज, 21) छूकर पता लगाना, 22) अधिकार; क्षमता, 26) चमेली की तरह का एक सुगंधित एवं सुंदर फूलोंवाला पौधा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | ब | री | ■ | शा | ली | न | ■ | स |
| ■ | ■ | च | म | च | म | ■ | शा | र | दा |
| स | चिं | त | ■ | क | त | ला | ■ | बी | स |
| त्य | ■ | ■ | ह | वा | ■ | ल | हू | ■ | र्व |
| भा | ग | दौ | ड़ | ■ | टो | पी | ■ | वि | दा |
| मा | र | ■ | ब | क्कि | ■ | ला | द | ना | ■ |
| ■ | म | क | ड़ी | ■ | ना | ■ | य | श | स्वी |
| बी | ■ | बा | ■ | दे | व | रा | नी | ■ | ■ |
| ज | वा | ब | दा | र | ■ | ज | य | पु | र |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3228

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 2 | | 7 | | 6 | 3 | |
| | | | | | | | 2 | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | 8 | 6 | | | | 2 | | |
| | 2 | | 6 | | | 7 | 5 | |
| | | | | | | 4 | 7 | 6 |
| | 7 | | | 4 | 5 | | | |
| | | 8 | | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3227 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 |

# सिउड़ी में तृणमूल के एसआईआर कैंप में हंगामा, सांसद के सामने फेंके गए जूते

**बीरभूम :** राज्यभर में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया जारी है और आम लोगों की सुविधा के लिए, तृणमूल कांग्रेस की ओर से जिलों में एसआईआर कैंप खोले गए हैं। लेकिन, गुरुवार को सिउड़ी में आयोजित एक ऐसे ही कैंप में भारी हंगामा हो गया। आरोप है कि सांसद शताब्दी रॉय की मौजूदगी में तृणमूल कांग्रेस के दो गुट आपस में भिड़ गए और हाथापाई की नौबत आ गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जूते तक फेंके गए, जिनमें से एक सांसद की गाड़ी पर आकर गिरा।



घटना सिउड़ी-2 नंबर ब्लॉक के कोमा ग्राम पंचायत के गांगटे गांव में हुई, जहां एसआईआर को लेकर एक बैठक की गई थी। आरोप है कि बैठक के दौरान तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष बलराम बागदी के खिलाफ स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा।

विरोध बढ़ते ही माहौल गरम हो गया और यह विवाद तृणमूल के ही दो गुटों के बीच मारपीट में बदल गया। स्थिति संभालने के लिए सांसद शताब्दी रॉय ने बलराम बागदी को अपनी गाड़ी में बैठाकर स्थल से हटाने की कोशिश की, लेकिन इससे भीड़ और उग्र हो गई। कुछ लोग लाठी-डंडे और बांस लेकर घटनास्थल की ओर दौड़े और अफरा-तफरी के बीच जूते फेंके गए। देखते ही देखते इलाके में तनावपूर्ण माहौल बन गया। हालांकि, सांसद शताब्दी रॉय ने दावा किया कि इस अराजकता के पीछे तृणमूल नहीं, बल्कि भाजपा और माकपा के समर्थक हैं। उनके अनुसार, विपक्षी दलों के कार्यकर्ता ही उस दिन बवाल करने आए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस घटना का चुनाव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## अत्यधिक काम का दबाव! रायगंज में ड्यूटी के दौरान बीएलओ की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**रायगंज :** लगातार बढ़ते काम के बोझ ने एक और बीएलओ की सेहत पर गंभीर असर डाला है। रायगंज में ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद शिक्षक तथा बीएलओ कृष्णपद सरकार को गंभीर हालत में रायगंज मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



परिवार का आरोप है कि कृष्णपद सरकार लंबे समय से काम के असहनीय दबाव में थे और कई बार उच्च अधिकारियों को कार्यमुक्ति के लिए आवेदन भी दे चुके थे, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसी मानसिक तनाव और अत्यधिक कार्यभार की वजह से उनकी तबीयत बिगड़ी।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कृष्णपद सरकार को सेरेब्रल स्ट्रोक हुआ है। वे रायगंज दक्षिण सर्कल के गोयालदह जुगियामाम प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं और रायगंज के कसबा महेशो एनएम हाई मदरसा के 206 नंबर बूथ पर बीएलओ के रूप में नियुक्त थे। ड्यूटी के दौरान अचानक चक्कर आने के बाद वे वहीं गिर पड़े और तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

घटना के बाद परिवार और सहकर्मियों में चिंता का माहौल है।

### अमेजन आज करेगा मेटा रे-बॅन स्मार्ट ग्लासेस लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन आज यानी 21 नवंबर को मेटा रे-बॅन स्मार्ट ग्लासेस लॉन्च करके अपने प्रीमियम वेयरेबल्स सेगमेंट को और मजबूत करेगा। यह लॉन्च ऐसे समय पर हुआ है जब अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के दौरान प्रीमियम वेयरेबल्स सेगमेंट में करीब 40% की वृद्धि दर्ज की गई और स्मार्ट ग्लासेस की खोज में साल-दर-साल 4.6 गुना उछाल देखा गया। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, जेबा खान ने बताया कि ग्राहक अब ऐसे स्मार्ट वेयरेबल्स में रुचि ले रहे हैं जो सिर्फ फिटनेस ट्रैकिंग तक सीमित नहीं बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में एआई-संचालित सुविधाएं प्रदान करते हैं। मेटा रे-बॅन ग्लासेस में 12एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा, पांच माइक्रोफोन और ओपन-ईयर स्पैशियल ऑडियो स्पीकर्स दिए गए हैं।

## सबंग में बागान से राशन डीलर का फंदे से लटका शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के सबंग थानांतर्गत बड़ा चाहरा इलाके में बुधवार को एक बागान से राशन डीलर का फंदे से लटका शव मिलने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मदनमोहन भट्टाचार्य (70) के रूप में हुई है। वह सबंग क्षेत्र में राशन डीलर के रूप में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार, सुबह में स्थानीय लोगों ने घर के पास स्थित बागान में एक पेड़ से गमछे के सहारे लटका हुआ शव देखा और तुरंत इसकी सूचना परिवार तथा थाने को दी। सबंग थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया। देर शाम पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, लेकिन जिस कारण से उन्होंने यह कदम उठाया, वह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस के अनुसार, परिवार ने बयान दिया है कि मृतक पिछले कुछ दिनों से मानसिक अवसाद में थे और बाजार में कुछ उधार भी हो गया था, जिससे वह तनाव में रहते थे। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि क्या राशन दुकान से जुड़ा कोई विवाद या समस्या थी। पारिवारिक स्थिति समझने के लिए परिव-रजनों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

## ईडी ने सहारा इंडिया के पूर्व उप प्रबंध निदेशक को किया गिरफ्तार

### कोलकाता में लंबी पूछताछ के बाद किया गया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** 150 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में ईडी ने निवेश फर्म सहारा इंडिया के पूर्व उप प्रबंध निदेशक (डिप्टी मैनेजिंग वर्कर) ओम प्रकाश श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। श्रीवास्तव को गुरुवार को कोलकाता स्थित ईडी कार्यालय में लंबी पूछताछ के बाद जांच में सहयोग न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सहारा इंडिया ने निवेश पर मोटी रकम लौटाने का वादा किया था। लेकिन, बाद में, जमाकर्ताओं को यह रकम नहीं मिली। मामला सुप्रीम कोर्ट में गया




था। कंपनी पर 1.79 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। चेयरमैन सुब्रत राय सहारा, उनके बेटे और कंपनी के कई अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई थी। ईडी ने दावा किया कि जमाकर्ताओं से निकाली गई रकम में से 750 करोड़ रुपये कंपनी के तीन अधिकारियों के पास गए। इनमें से 150 करोड़ रुपये ओम प्रकाश श्रीवास्तव के पास गए। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में आदेश दिया था कि संपत्ति बेचकर जमाकर्ताओं को उनकी राशि लौटाई जाए। आरोप है कि आरोपितों ने इस प्रक्रिया में भी धांधली की है। ओमप्रकाश श्रीवास्तव कंपनी के उप प्रबंध निदेशक पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बाद में, उन्होंने दूसरी कंपनी ज्वाइन कर ली।

## जेयू में छात्राओं से अभद्रता करने वाले चार छात्रों के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) ने छात्राओं को अपशब्द कहने और उनपर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी चार छात्रों के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चारों छात्रों ने 18 नवंबर की शाम को परिसर में कम से कम चार से पांच छात्राओं पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की थी। इनमें से दो केमिकल इंजीनियरिंग, एक सिविल इंजीनियरिंग और एक प्रोडक्शन इंजीनियरिंग का छात्र है। अधिकारी ने छात्राओं की शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि जब समूह के बीच विवाद हुआ तो एक आरोपी ने कथित तौर पर दो लड़कियों पर हमला किया और




उनके चरित्र पर सवाल उठाते हुए पूछा कि वे बाहर क्यों बैठी हैं। बुधवार को दस छात्रों (जिनमें ज्यादातर लड़कियां थीं) ने चारों पर अभद्रता करने, मारपीट और धमकाने का आरोप लगाते हुए एक लिखित शिकायत दी। इसके बाद कुलपति चिरंजीब भट्टाचार्य ने घटना की जांच के लिए एक समिति बनाई। अधिकारी ने कहा कि जांच समिति के रिपोर्ट देने तक चारों के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

## दिनहाटा में महिलाओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ की फोटो पर स्याही लगाकर एसआइआर फॉर्म किया जमा

**कूचबिहार :** गांव की महिलाओं ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक की तस्वीर पर कालिख लगाकर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) फॉर्म सौंपा है। दिनहाटा के ब्लॉक-2, बुरिरहाट ग्राम पंचायत के पश्चिम भुलखीहाट इलाके में ऐसे अनोखे विरोध प्रदर्शन को लेकर भारी हंगामा हो रहा है। दरअसल, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक ने हाल ही में कहा था कि दिनहाटा 'मिनी पाकिस्तान' है। कुछ पिताओं के 30-40 बच्चे है। इस विवादित टिप्पणी पर दिनहाटा के ब्लॉक-2, बुरिरहाट ग्राम पंचायत के पश्चिम भुलखीहाट इलाके की महिलाएं गुस्से में थी। गुरुवार को



संबंधित बीएलओ इलाके में एसआइआर फॉर्म लेने आए थे। उस समय महिलाओं ने एक हाथ में स्याही लगी निशीथ की तस्वीर और दूसरे हाथ से एसआइआर फॉर्म जमा किया। आंदोलनकारी महिलाओं का आरोप लगाया है कि निशीथ प्रमाणिक बार-बार हमारे गांव की महिलाओं की अपमान कर रहे है। हम इस अपमान को किसी भी तरह से स्वीकार नहीं करेंगे। इस बयान से न सिर्फ गांव की महिलाओं की इज्जत कम हुई है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी ठेस पहुंची है।

## एसआईआर के कथित आतंक से वृद्ध ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में एक व्यक्ति ने रेल पटरियों पर कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसकी हालत नाजुक है। माना जा रहा है कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अभियान के कारण डरा हुआ था। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बेलघरिया में सीसीआर पुल के पास हुई जब अशोक सरदार (63) बुधवार रात ट्रैक पर कूद गया। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरदार को गंभीर हालत में आर जी कर अस्प-ताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि उसका एक हाथ और एक पैर काटना पड़ा, मरीज की



हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पीड़ित के परिवार ने दावा किया कि सरदार और उसकी पत्नी का नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं था। अधिकारी ने कहा कि जब से यह पता चला है, वह घबराया हुआ था, समझ नहीं पा रहा था कि क्या करे या कहां जाए। परिवार का दावा है कि इसी डर की वजह से उसने यह कदम उठाया है।

## एक साल में ही पूरा हुआ न्याय! नाबालिग से यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोलकाता :** नाबालिग से यौन उत्पीड़न के जघन्य मामले में अदालत ने एक साल के भीतर ही दोषी युवक को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पोक्सो कानून के तहत त्वरित सुनवाई में अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

मामला डायमंड हार्बर पुलिस जिला के पारुलिया कोस्टल थाना क्षेत्र का है, जहां आरोपी रहिदुल आदलदार ने एक नाबालिग को पहले प्रलोभन देकर यौन शोषण किया और फिर घटना को सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसे कई अन्य पुरुषों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।



नाबालिका के पिता बाहर रहते हैं, जबकि उसकी मां घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता की मां ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। केवल 52 दिनों के भीतर इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मितुन कुमार दे ने बताया कि आरोप पुख्ता साबित होने के बाद अदालत ने रहिदुल आदलदार को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना और पीड़िता को 3 लाख रुपये सरकारी मुआवजा देने का आदेश भी दिया गया है।

तेजी से न्याय सुनिश्चित करने पर एएसपी ने संतोष जताते हुए इस मामले की जांच टीम और सरकारी वकीलों को धन्यवाद दिया।

### ग्लोब एंटरप्राइजेज ने द्वितीय तिमाही वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञ :** ग्लोब एंटरप्राइजेज (इंडिया) लिमिटेड ने द्वितीय तिमाही वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का राजस्व 15,856.26 लाख रहा, जो पिछली तिमाही के 14,844.87 लाख की तुलना में 6.81% अधिक है। वहीं कर पश्चात लाभ (पीएटी) 446.38 लाख रहा, जो पिछले 139.52 लाख की तुलना में 220% से अधिक बढ़ा। प्रबंध निदेशक भविक पारिख ने कहा, हमारा मजबूत वित्तीय प्रदर्शन संचा-लनात्मक दक्षता और बाजार विस्तार पर हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मांग में सुधार के साथ, हमें आने वाली तिमाहियों में विकास की गति बनाए रखने का भरोसा है। कॉरपोरेट स्तर पर कंपनी ने नाम बदलकर ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड से ग्लोब एंटरप्राइजेज (इंडिया) लिमिटेड कर दिया। प्रवर्तक भविक सूर्यकांत पारिख ने 1.28 करोड़ मूल्य के 45 लाख शेयर खरीदे।

## बेलडांगा में 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद का होगा शिलान्यास, टीएमसी विधायक का ऐलान

### कहा... 'कोलकाता में पार्टी के कार्यक्रम में नहीं हो पाऊंगा शामिल'

**मुर्शिदाबाद :** टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने नई बाबरी मस्जिद बनाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखी जाएगी। बता दें कि इस दिन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी कोलकाता में एक सभा को संबोधित करेंगे। गुरुवार को टीएमसी विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह 6 दिसंबर को कोलकाता में टीएमसी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि वह शिलान्यास समारोह में व्यस्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को मुस्लिम समुदाय के धार्मिक नेता मौजूद रहेंगे। दिल्ली, कोलकाता और मुंबई से भी कई लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि वे फुरफुरा शरीफ के मौलवी और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के संस्थापक अब्बास सिद्दीकी को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्यौता देंगे।

टीएमसी विधायक ने कहा कि मैं एक मुसलमान हूं और बाबरी मस्जिद का विध्वंस एक साजिश थी। मेरा व्यक्तिगत अनुमान है कि बेलडांगा में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास समारोह में लगभग दो लाख लोग मौजूद रहेंगे। मुर्शिदाबाद ही नहीं, बल्कि उत्तर बंगाल और बीरभूम जिले से भी बहुत से लोग आएंगे। टीएमसी विधायक ने आगे कहा कि जिस दिन बाबरी मस्जिद गिराई थी, 1992 के दिन, हम हर साल 6 दिसंबर को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

## पार्क स्ट्रीट में होटल के कमरे से विदेशी पर्यटक का डॉलर हुआ गायब, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्क स्ट्रीट थाना इलाके में स्थित एक होटल से गुरुवार को एक विदेशी का डॉलर गायब होने का मामला सामने आया है। पता चला है कि कोरियाई नागरिक होटल के कमरे में सो रहा था और उसके कपड़े कमरे के अंदर टंगे हुए थे। आरोप है कि बदमाशों ने उसके पैंट की जेब से 850 डॉलर चुरा लिए और भाग गए। विदेशी पर्यटक ने इस बारे में पार्क स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कोरिया के सियोल का रहने वाला व्यक्ति सांघो जंग है। वह कुछ दिन पहले घूमने के लिए कोलकाता आया था। वह पार्क स्ट्रीट थाना इलाके में मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर एक होटल में रुका था। बुधवार की रात उसने चौथी मंजिल के एक कमरे में खाना-पीना किया। उसने सुबह तक काम भी किया। फिर, वह सुबह करीब 4 बजे सोने गया। उसने अपने कपड़े कमरे के अंदर ही हैंगर पर टांग दिए थे। उसकी पैंट की जेब में विदेशी करेंसी और कुछ जरूरी दस्तावेज थे। वह सुबह करीब 8 बजे उठा। हैंगर पर टंगे कपड़ों की स्थिति देखकर उसे शक हुआ। उसने अपनी पैंट की जेब में हाथ डाला तो देखा कि अंदर से 850 डॉलर गायब थे। उसने इस बारे में होटल अधिकारियों को बताया। लेकिन, कोई भी ठीक से जवाब नहीं दे सका। इस दिन, उसने पार्क स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच शुरू करने के बाद पुलिस पूरे होटल की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि रात में कोई बाहरी आदमी होटल में आया था या नहीं। पुलिस अधिकारी रात में ड्यूटी पर मौजूद होटल स्टाफ का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, पुलिस का मानना है कि बदमाश के पास चौथी मंजिल के कमरे की नकली चाबी हो सकती है। हो सकता है कि बदमाश डॉलर चुराने के लिए उसी चाबी से कमरे में घुसा हो। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह 4 बजे से दोपहर के बीच हुई। पुलिस ने कहा कि चौथी मंजिल के कॉरिडोर की सीसीटीवी फुटेज पर जोर दिया जा रहा है।

### पोषण बरकरार रखते हुए वीगन जीवनशैली अपनाने की स्मार्ट गाइड – ऋतिका समद्दार

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीगन आहार को संतुलित रूप में अपनाने के लिए सोच-समझकर बनाई गई थाली अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स ऋतिका समद्दार का कहना है कि स्वस्थ वीगन आहार की नींव संपूर्ण और न्यूनतम प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों पर आधारित होनी चाहिए। वह थाली का आधा हिस्सा रंग-बिरंगे फलों व सब्जियों, एक चौथाई दालों जैसे हेल्दी प्रोटीन और शेष हिस्सा साबुत अनाज से भरने की सलाह देती हैं। उनके अनुसार, स्वस्थ वसा के लिए नट्स-विशेषकर कैलिफोर्निया बादाम-को शामिल करना लाभकारी है, क्योंकि इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन ई और मैग्नीशियम समेत कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। समद्दार बताती हैं कि बादाम तृप्ति बढ़ाते हैं और रक्त शर्करा नियंत्रित रखने में भी मददगार हैं। वे एवोकाडो, बीज, ऑलिव ऑयल तथा फोर्टिफाइड पौध-आधारित दूध को भी महत्वपूर्ण स्रोत मानती हैं। साथ ही, विटामिन बी12, विटामिन डी, आयरन और कैल्शियम की पूर्ति पर विशेष ध्यान देने की सलाह देती हैं।

### पर्पल लाइन पर शनिवार से शुरू होंगी मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। अब पर्पल लाइन पर शनिवार को भी मेट्रो सेवाएं उपलब्ध होंगी। 22 नवंबर से इस लाइन पर शनिवार को कुल 40 सेवाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें 20 अप और 20 डाउन सेवाएं शामिल होंगी। इन सेवाओं के बीच अंतराल 21 मिनट का होगा। शनिवार की पहली मेट्रो जोका से माझेरहाट के लिए दोपहर 1.25 बजे और माझेरहाट से जोका के लिए 1.49 बजे चलेगी। वहीं, अंतिम सेवाएं जोका से माझेरहाट के लिए रात 8.11 बजे और माझेरहाट से जोका के लिए 8.32 बजे निर्धारित की गई हैं। इस कदम से मेट्रो यात्रियों को सप्ताहांत में भी सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी और पर्पल लाइन की सेवाओं का विस्तार और अधिक सुविधाजनक बनेगा।

## मानकर और पराज स्टेशनों पर नई एलईडी रोशनी से बढ़ीं यात्री सुविधाएं

**आसनसोल :** आसनसोल मंडल ने यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्टेशनों पर सुरक्षित व सुव्यवस्थित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मानकर और पराज रेलवे स्टेशनों पर ऊर्जा-कुशल नई एलईडी लाइटिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। मंडल द्वारा किए गए इस सुधार कार्य के तहत मानकर स्टेशन पर कुल 22 ऑक्टागोनल पोल (5.5 मीटर) दो-भुजा ब्रैकेट्स के साथ लगाए गए हैं, जिन पर 72-वाट एलईडी लाइटें स्थापित की गई हैं। इनमें प्लेटफॉर्म 1/2 पर 12 और प्लेटफॉर्म 3/4 पर 10 पोल शामिल हैं। नई रोशनी से परिसंचरण क्षेत्र, यात्री आवागमन मार्ग और प्रतीक्षालय पहले की तुलना में काफी अधिक प्रकाशित हो गए हैं, जिससे तड़के सुबह और देर शाम यात्रियों को बेहतर दृश्यता और सुरक्षित वातावरण प्राप्त होगा।

इसी प्रकार, पराज स्टेशन पर भी प्लेटफॉर्म 1/2 और 3/4 पर कुल 18 ऑक्टागोनल पोल दो-भुजा वाले 72-वाट एलईडी फिटिंग्स के साथ लगाए गए हैं। इससे फुट ओवरब्रिज, प्लेटफॉर्म और बैठने के स्थानों में रोशनी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ट्रेन के आगमन-प्रस्थान के समय भी बेहतर दृश्यता से संचालन को अधिक सुगम बनाया जा सकेगा। ऊर्जा-कुशल आधुनिक एलईडी तकनीक कम बिजली खपत के साथ अधिक रोशनी प्रदान करती है। इन नई व्यवस्थाओं के माध्यम से आसनसोल मंडल ने यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने, सुरक्षा बढ़ाने और स्टेशन अवसंरचना में निरंतर सुधार करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्पष्ट किया है।

## हाकिमपुर सीमा पर वीएचपी के प्रदर्शन से तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर के हाकिमपुर सीमा इलाके में गुरुवार को अचानक तनाव फैल गया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू होने के बाद से ही बड़ी संख्या में लोग बांग्लादेश लौट रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ही हाकिमपुर चेकपोस्ट से सैकड़ों लोग वापस गए हैं। इसी स्थिति के बीच गुरुवार की सुबह वीएचपी कार्यकर्ताओं ने अनुप्रवेशकारियों को तुरंत देश छोड़ना होगा की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। वीएचपी समर्थक हाथों में पोस्टर-प्लाकार्ड लेकर सीमा चौकी के पास नारेबाजी करने लगे। इसके तुरंत बाद स्थानीय लोग भी सड़कों पर उतर आए। उनका आरोप था कि बंगाल को अस्थिर करने के लिए जानबूझकर माहौल खराब किया जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच पहले



बहस, फिर धक्का-मुक्की और मारपीट की नौबत आ गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मौके पर खबर कवरेज के लिए पहुंचे मीडिया कर्मियों पर भी हमला होने की शिकायत सामने आई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हाकिमपुर क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से कई लोग बांग्लादेश से अवैध रूप से आकर बसे हुए थे-कुछ पांच साल पहले, कुछ दो साल पहले और कई उससे भी पहले। मगर एसआईआर की घोषणा होते ही हालात तेजी से बदले और बड़ी संख्या में अनुप्रवेशकारी वापस लौटने लगे। गुरुवार को भी हाकिमपुर चेकपोस्ट के पास कई परिवार बांग्लादेश वापसी के लिए कतार में नजर आए। इसी दौरान वीएचपी ने प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत चार बच्चों को बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने 19 नवंबर को देशव्यापी बाल संरक्षण अभियान ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत चार नाबालिग बच्चों को सफलतापूर्वक बचाया। यह कार्रवाई हावड़ा और मालदह मंडल की आरपीएफ टीमों द्वारा सक्रिय निगरानी के दौरान की गई। डानकुनी और भागलपुर रेलवे स्टेशनों पर नियमित गश्ती के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने चार नाबालिग लड़के और लड़कियों को संदिग्ध अवस्था में पाया। पूछताछ के दौरान पता चला कि बचाए गए तीन लड़के बिना परिवार को बताए घर से निकल आए थे, जबकि एक लड़की पारिवारिक विवाद के कारण घर से भाग गई थी। आरपीएफ ने सभी



बच्चों को तुरंत सुरक्षित संरक्षण, भोजन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया। इसके बाद उन्हें परामर्श, पुनर्वास और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंप दिया गया।

### हावड़ा में गंगा में लापता हुए युवक को लेकर चिंता का माहौल

**हावड़ा, समाज्ञा :** गंगा में एक युवक के लापता होने से इलाके में चिंता का माहौल है। सांकराइल के राजगंज घाट पर बुधवार दोपहर को संदीप मल्लिक (21) गंगा में उतरे और तब से उनका कोई पता नहीं है। परिवार के अनुसार, संदीप तैरना नहीं जानते थे। गंगा के घाट से उनकी शर्ट, पैंट, पर्स और मोबाइल बरामद हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी कानन पाल ने बताया कि युवक शर्ट-पैंट और मोबाइल वहीं छोड़कर गंगा में उतरे। उन्होंने अपने मोबाइल से घर और थाने को कॉल भी किया। सूचना मिलने पर सांकराइल थाने की पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन शुरू की, लेकिन गुरुवार रात तक कोई सुराग नहीं मिला। युवक के चाचा रविशंकर मल्लिक ने बताया कि संदीप बुधवार को नृत्य स्कूल गए थे और तभी से लापता हैं। संदीप के मोबाइल में एक वॉइस मैसेज मिला है, जिसमें रिश्तों के तनाव का जिक्र है।

# कोन्ननगर में एसआईआर के दबाव में बीएलओ को आया सेरेब्रल अटैक, अस्पताल में भर्ती

**हुगली, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से लगातार मौत और बीएलओ पर बढ़ते काम के दबाव की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच कोन्ननगर में एक और बीएलओ ड्यूटी के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। पीड़ित बीएलओ तापति विश्वास (60) को तत्काल कोन्ननगर मातृ सदन एवं शिशु मंगल प्रतिष्ठान अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें सेरेब्रल स्ट्रोक हुआ है। फिलहाल उनके शरीर का बायां हिस्सा निष्क्रिय है और वे इलाज के तहत हैं। तापति विश्वास, कोन्नगर नगर पालिका के



वार्ड 19 के बूथ नंबर 279 की बीएलओ थीं। वह कोन्ननगर नवग्राम की निवासी और पेशे से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं।

उनके पति प्रवीर विश्वास, जो हेस्टिंग्स जूट मिल के सेवानिवृत्त मजदूर हैं, ने बताया कि एसआईआर फॉर्म वितरण, फॉर्म वापस लेना, क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन अपलोडिंग इन सब कामों के भारी दबाव के कारण तापति मानसिक तौर पर टूटने लगी थीं। लगातार फोन आते थे, रातभर नींद नहीं आती थी। तबीयत खराब थी, फिर भी कहा जाता था कि काम नहीं करने पर नौकरी चली जाएगी। उस बूथ में कुल 1016 फॉर्म बांटे गए थे, जिनमें से अभी 45 बाकी हैं। परिवार में उनकी बेटी भी है, जो कम वेतन वाली नौकरी करती है। तापति के देवर बाबुलाल विश्वास ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के कारण फॉर्म स्कैन नहीं हो रहे थे, जिससे तनाव और बढ़ गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संजय बक्शी ने कहा कि मरीज को हाई ब्लड प्रेशर और शुगर की पुरानी समस्या थी। दवाइयों में अनियमितता और तनाव के कारण सेरेब्रल स्ट्रोक हुआ है। फिलहाल हालत स्थिर है और निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद बीएलओ कर्मियों में आक्रोश और भय का माहौल है। उनका कहना है कि बिना तकनीकी सहायता और आराम के इतना दबाव उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है।

## हावड़ा शहर की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था में जुड़ा नया अध्याय

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था में गुरुवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। शरत सदन में अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन व्यवस्था का उद्घाटन किया गया। हावड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रसून बनर्जी के प्रयास और एमपीएलएडीएस परियोजना के अंतर्गत यह सुविधा हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में स्थापित की गई। सांसद के सहयोग से लगभग 50 लाख की लागत से कमिश्नरेट क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 14 एएनपीआर-सक्षम कैमरे और 34 आधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए। हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सांसद श्री बनर्जी को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महिला आत्मरक्षा



प्रशिक्षण कार्यशाला तेजोस्विनी का आयोजन भी किया गया। जिसमें ट्रेडिशनल शोटो कराटे एसोसिएशन ऑफ बंगाल की अध्यक्ष मौसमी पाल मजूमदार ने महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा की शिक्षा दी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही, सेफ ड्राइव सेव लाइफ अभियान के तहत अभिभावकों और बच्चों को हेलमेट वितरित किए गए।

उद्घाटन समारोह में सांसद प्रसून बनर्जी, पुलिस कमिश्नर प्रवीन कुमार त्रिपाठी, आईपीएस, संयुक्त पुलिस कमिश्नर के. सबरी राजकुमार, आईपीएस, हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित थे।

### शराब दुकान पर आबकारी विभाग का छापा

**हुगली :** आबकारी विभाग ने चुंचुड़ा की एक शराब दुकान में छापेमारी कर गोदाम को सील कर दिया। विभाग को शिकायत मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से एक्सपायरी बीयर बेची जा रही है। शिकायत की सत्यता मिलने पर अधिकारियों ने अचानक वहां छापा मारा। छापेमारी के दौरान एक हजार से अधिक मियाद-पार बीयर की बोतले बरामद की गईं। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने सभी एक्सपायरी बीयर जब्त कर पूरे गोदाम को सील कर दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच जारी है और दुकान मालिक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, एसआईआर को न रोकने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता व भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है। शुभेंदु अधिकारी का पत्र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सीईसी ज्ञानेश कुमार को लिखे उस पत्र के बाद आया है, जिसमें राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को तुरंत रोकने की मांग की गई थी। अपने पत्र में, शुभेंदु अधिकारी ने सीईसी को लिखे ममता बनर्जी के पत्र के दावों को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि एसआईआर को राज्य में बिना प्लान के, अस्त-व्यस्त और खतरनाक तरीके से थोपा गया, जिससे आम लोगों में घबराहट पैदा हुई और चुनाव अधिकारियों, खासकर बूथ-लेवल अधिकारियों (बीएलओ), पर बहुत ज्यादा काम का बोझ पड़ा है। अपने पत्र में शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि सीईसी को ममता बनर्जी का पत्र एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट को साफ करने के अभियान को रोकने की एक बेताब कोशिश थी और उनके पत्र का कंटेंट पॉलिटिकली मोटिवेटेड और असल में बोगस था। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को रोकने के लिए सीईसी को पत्र भेजने का मुख्यमंत्री का कदम असली वोटरों को बचाने के लिए नहीं था, बल्कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में बोगस वोटरों को बचाने की एक पैनिक से भरी कोशिश थी, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाने में कामयाब रहे।

# बनगांव के छह पार्षदों के घरों पर गोलीबारी-पथराव, तनाव बढ़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव नगरपालिका इलाके में बुधवार की देर रात छह पार्षदों के घरों पर पथराव और हमले का आरोप सामने आया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, देर रात अंधेरे में पार्षदों के घरों के बाहर पथराव किया गया, अपशब्द कहे गए और कुछ जगहों पर गोली चलने तक की शिकायत है। घटना से इलाके में तनाव फैल गया है। स्थानीय लोगों के एक वर्ग का दावा है कि यह तृणमूल कांग्रेस के भीतर की गुटबाजी का परिणाम है। भाजपा ने भी यही आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों से इनकार किया है। जिन पार्षदों के घरों पर हमला हुआ, उनके साथ गुरुवार को राज्यसभा सांसद और बनगांव जिला तृणमूल



चेयरपर्सन ममता बाला ठाकुर ने थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया। आरोप है कि बनगांव नगरपालिका के वार्ड 2 की पार्षद शिखा घोष, उनके पति एवं वार्ड 2 के तृणमूल अध्यक्ष उत्तम घोष, वार्ड 11 की पार्षद शम्पा महंत, वार्ड 9 की पार्षद बंदना दास कीर्तन सहित कुल छह पार्षदों के घर पर पथराव किये गये। पार्षद शिखा घोष ने बताया कि उनके घर के गेट के सामने शराब पी गई और उत्पात मचाया गया। वहीं, पार्षद शम्पा महंत के परिवार का आरोप है कि उनके घर के सामने गोलियां चलाई गईं। पार्षद शम्पा महंत के पति का आरोप है कि बुधवार को नगरपालिका के चेयरमैन गोपाल सेठ को हटाने के लिए लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर जिन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए, उन्हीं पार्षदों के घर पर हमला हुआ। वार्ड 19 की पार्षद शर्मिला दास बैरागी ने दावा किया कि अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर न करने पर जिला अध्यक्ष ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी।


उल्लेखनीय है कि बनगांव नगरपालिका में कुल 22 वार्ड हैं। इनमें 20 तृणमूल कांग्रेस के नियंत्रण में हैं, जबकि एक कांग्रेस और एक भाजपा के पास है। हाल ही में चेयरमैन गोपाल सेठ पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया गया। उन्होंने इसके जवाब में वाइस चेयरमैन ज्योत्स्ना आढ्य को हटाने का आदेश जारी कर दिया। मामला हाई कोर्ट तक जा पहुंचा। गोपाल सेठ ने कहा कि मामला लंबित होने के कारण वे इस्तीफा नहीं देंगे और कार्यकारी चेयरमैन के रूप में सुरजीत दास को जिम्मेदारी सौंप दी। इसके बाद, टीएमसी जिला अध्यक्ष विश्वजीत दास ने 15 पार्षदों के साथ बैठक कर चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया। नौ पार्षदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, जबकि बाकी ने नहीं। आरोप है कि जिन पार्षदों ने हस्ताक्षर नहीं किए, उनके घरों पर ही रात में हमला हुआ। हालांकि, बनगांव तृणमूल जिला संगठन के उपाध्यक्ष प्रसेंजीत घोष ने गुटबाजी के आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि यह सब विपक्ष की शह पर हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### जोखिम उठाने की क्षमता में सुधार और कमाई में स्थिरता से भारत के बाजारों की मजबूती बढ़ी - पीएल एसेट मैनेजमेंट

**कोलकाता :** पीएल एसेट मैनेजमेंट, पीएल कैपिटल ग्रुप (प्रभुदास लीलाधर) के एसेट मैनेजमेंट डिवीजन, ने अपनी हालिया रिपोर्ट 'पीएमएस स्ट्रैटेजी अपडेट्स एंड इनसाइट्स' में भारत के इक्विटी बाजारों में आई मजबूती के बारे में बताया गया है। इसका श्रेय त्योहिारों के दौरान शानदार खपत, स्थिर आय, और विदेशी निवेशकों की स्पष्ट वापसी को जाता है। पीएल एसेट मैनेजमेंट के क्वॉउन्ट् इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजीज के प्रमुख और फंड मैनेजर, सिद्धार्थ वोरा ने कहा, भारत सिन्क्रोसनाइज्डन मैक्रो स्टे बिलिटी और आय पुनरुद्धार के चरण में प्रवेश कर रहा है। त्योकहारी मांग मजबूत होने, विदेशी प्रवाह के पुनरुद्धार और निवेश चक्र के मजबूत होने के साथ, इक्विटीज के लिए मध्यम अवधि का दृष्टिकोण अनुकूल दिखाई देता है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर, केंद्रीय नेतृत्व ने छह राज्यों के संगठन मंत्रियों को सौंपी कमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूरा होते ही भाजपा पूरी तरह बंगाल को लेकर चुनावी मोड में आ गई है। पार्टी ने अगले विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही मैदान तैयार करने की रणनीति बना ली है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा ने छह राज्यों के संगठन मंत्रियों को राज्य के पांच बड़े जोनों में तैनात कर दिया है। इनके साथ छह वरिष्ठ नेताओं को भी जोड़ा गया है। खास बात यह है कि ये सभी नेता आने वाले पांच महीनों तक बंगाल में ही डेरा डालेंगे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि बंगाल के राढ़ बंगाल क्षेत्र की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री पवन साईं को दी गई है। पवन के साथ उत्तराखंड सरकार के मंत्री धन सिंह रावत को लगाया गया है, ताकि



पुरुलिया और बर्दवान जैसे क्षेत्रों में भाजपा की जमीन मजबूत की जा सके। हावड़ा, हुगली और मेदिनीपुर क्षेत्र में दिल्ली के संगठन मंत्री पवन राणा को जिम्मेदारी मिली है। उनके साथ हरियाणा के वरिष्ठ नेता संजय भाटिया काम करेंगे। जबकि, इसी क्षेत्र में मेदिनीपुर संभाग में यूपी सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर को लगाया गया है। कोलकाता महानगर और दक्षिण 24 परगना क्षेत्र की कमान हिमाचल के संगठन मंत्री एम सिद्धार्थन को दी गई है। उनके साथ कर्नाटक के दिग्गज नेता और पूर्व भाजपा महामंत्री सीटी रवि को लगाया गया है। कोलकाता वह इलाका है जो टीएमसी का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता है, इसलिए पार्टी ने यहां सबसे अनुभवी टीम उतारी है। नवद्वीप और उत्तर 24 परगना क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के संगठन मंत्री एन मधुकर को जिम्मेदारी दी गई है। उनके साथ यूपी के मंत्री सुरेश राणा को तैनात किया गया है। उत्तर बंगाल क्षेत्र में मालदह की जिम्मेदारी अरुणाचल प्रदेश के संगठन मंत्री अनंत नारायण मिश्र को मिली है। वहीं, सिलीगुड़ी में कर्नाटक के संगठन मंत्री अरुण बिन्नाडी को भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक, इस क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## कोलकाता मेट्रो एआई-संचालित सीसीटीवी नेटवर्क का इस्तेमाल मार्च तक शुरू करेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन कॉरिडोर में सुरक्षा उन्नयन की तैयारियों के तहत मार्च 2026 तक नयी एआई-संचालित, आईपी-आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली शुरू की जाएगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस परियोजना के तहत 1,678 हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे और पुरानी पड़ चुकी प्रणालियों को एक आधुनिक, केंद्रीकृत नेटवर्क से बदला जाएगा। उन्होंने नयी प्रणाली के बारे में बताया कि एआई संचालित नयी तकनीक प्लेटफॉर्म पर नियमों के उल्लंघन या भीड़ के असामान्य व्यवहार का पता लगते ही प्रशिक्षित ऑपरेटरों को स्वतः सचेत कर देगा। ब्लू लाइन कॉरिडोर में परियोजना को कार्यान्वित कर रही



बृहस्पति टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजशेखर पापोलु ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि यह प्रणाली किसी घटना के बाद सुरक्षा दलों को तुरंत कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है। ब्लू लाइन का एक हिस्सा, जो कोलकाता के दक्षिणी भाग में न्यू गरिया को शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित दक्षिणेश्वर से जोड़ता है, देश का सबसे पुराना मेट्रो नेटवर्क है, जिसका उद्घाटन 24 अक्टूबर 1984 में किया गया था।

# मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कृषि तथा संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर बिना नाम लिए आरोप लगाया है कि उनके दो करीबी रिश्तेदारों को महत्वपूर्ण पद और लाभकारी नियुक्तियां दिलाई गई हैं, जिससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। कृषि तथा संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने गुरुवार को कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है और उसका स्वतंत्र तथा निष्पक्ष होना अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति के नेतृत्व में यह संस्था कार्य कर रही है, उसके परिजनों को लाभकारी पद मिले हैं।



मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति रिश्वत स्वीकार करता है या अपने सिद्धांतों में लापरवाही लाता है, वह कोई ठोस योगदान नहीं दे सकता। भाजपा ने इन आरोपों का कड़ा विरोध जताया है।

### हावड़ा में गंगा में लापता हुए युवक को लेकर चिंता का माहौल

**हावड़ा, समाज्ञा :** गंगा में एक युवक के लापता होने से इलाके में चिंता का माहौल है। सांकराइल के राजगंज घाट पर बुधवार दोपहर को संदीप मल्लिक (21) गंगा में उतरे और तब से उनका कोई पता नहीं है। परिवार के अनुसार, संदीप तैरना नहीं जानते थे। गंगा के घाट से उनकी शर्ट, पैंट, पर्स और मोबाइल बरामद हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी कानन पाल ने बताया कि युवक शर्ट-पैंट और मोबाइल वहीं छोड़कर गंगा में उतरे। उन्होंने अपने मोबाइल से घर और थाने को कॉल भी किया। सूचना मिलने पर सांकराइल थाने की पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन शुरू की, लेकिन गुरुवार रात तक कोई सुराग नहीं मिला। युवक के चाचा रविशंकर मल्लिक ने बताया कि संदीप बुधवार को नृत्य स्कूल गए थे और तभी से लापता हैं। संदीप के मोबाइल में एक वॉइस मैसेज मिला है, जिसमें रिश्तों के तनाव का जिक्र है।

## लापता बेटे की दर-दर तलाश में भटक रहे वृद्ध पिता

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा थाना अंतर्गत नतून ग्राम मोरपुकूर इलाके के निवासी शक्ति रॉय के पुत्र जय कुमार राय रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। परिजनों ने रिसड़ा थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर की सुबह जय कुमार राय रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले, लेकिन लौटकर वापस नहीं आए। बताया जा रहा है कि वे मानसिक अवसाद से ग्रस्त थे।

रिटायर्ड पिता शक्ति रॉय ने बताया कि उन्होंने बेटे की तलाश में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, श्मशान घाट, अस्पताल और आसपास के सभी सार्वजनिक स्थलों की खाक छान ली,




लेकिन कोई पता नहीं चला। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे ज्यादा प्रभावित जय कुमार की 12 वर्षीय दिव्यांग बेटी है, जो पिता की प्रतीक्षा में बार-बार बेहोश हो जा रही है। उसकी आंखें दरवाज़े पर टकटकी लगाए पिता के लौटने का इंतजार कर रही हैं। घर में माता-पिता, पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा सहित पूरा परिवार जय कुमार राय के सुरक्षित वापस लौटने की उम्मीद लिए चिंतित बैठा है।

# सिंगुर में चोरी-कांड का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** सिंगुर थाना की पुलिस ने चोरी कांड के मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सिंगुर थाना क्षेत्र के पाइराउड़ा गांव में 2 अगस्त की रात घर में घुसकर सोने के गहने और नकद चोरी मामले में पुलिस ने पोलबा और तारापीठ में छापेमारी कर तीन आरोपी पूर्ण चंद्र धक, याजुल मलिक और अजय दुले को गिरफ्तार किया। पुलिस रिमांड में पूछताछ के आधार पर सोने के कुछ आभूषण बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि यह गिरोह सिंगुर, पोलबा, दादपुर सहित कई क्षेत्रों में हुई चोरियों में सक्रिय तौर पर शामिल था। ज्ञात हो कि 02 अगस्त की रात लगभग 1:45 से 2:00 बजे दो अज्ञात आरोपी धारदार हथियार लेकर दिलवार हुसैन के घर में घुस आए।



आरोपियों ने ताला तोड़कर अलमारी और बिस्तर के लॉकर को क्षतिग्रस्त किया तथा सोने के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। सिंगुर थाना में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आयी और मामले में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी सुदीप्त साधुखां ने बताया कि इस अपराधचक्र के शेष सदस्यों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही उन्हें दबोच लिया जायेगा।

### डेटा हेरफेर का आरोप, सात बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक तरफ बीएलओ के बीमार पड़ने की खबरें सामने आ रही हैं। इस बीच, चुनाव आयोग ने सात बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बेलेघाटा विधानसभा क्षेत्र के सात बीएलओ को चुनाव आयोग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शिकायत मुख्य रूप से डिजिटाइजेशन प्रोसेस को लेकर है। आरोप है कि डिजिटाइजेशन ठीक से नहीं किया गया। बीएलओ से शुक्रवार की दोपहर तक यह सवाल पूछा गया है कि वे ठीक से काम क्यों नहीं कर पाए। अगर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। चुनाव आयोग ने आदेश दिया था कि जमा किए गए फॉर्म में से 30 प्रतिशत को डिजिटाइज किया जाए। लेकिन देखा गया है कि उन बीएलओ ने केवल 4 से 8 प्रतिशत फॉर्म ही डिजिटाइज किए हैं। संबंधित इलाकों में कई डेटा में हेरफेर देखी गई है। इस बारे में उचित जवाब मांगा गया है। ऐसा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

### विदेशियों के लिए ऑनलाइन बांग्ला सीखने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्ला भाषा के प्रसार और इसके अंतरराष्ट्रीय उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के सहयोग से कॉलेज में आधिकारिक रूप से ऑनलाइन बांग्ला शिक्षण कोर्स 'एसो बांग्ला शिक्ही' (इंट्रोडक्शन टू बंगाली) लॉन्च किया गया। बुधवार को कॉलेज परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में स्कॉटिश चर्च कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मधुमंजरी मंडल, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर सम्राट भट्टाचार्य, भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. सुमंत रुद्र, और कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. बिदिशा सिन्हा उपस्थित थे। आयोजकों के अनुसार, विदेशों में बंगला भाषा के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है।

### पूर्व रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज के छात्रों ने वरिष्ठ स्तर कुश्ती प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**मालदह :** पूर्व रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज (मालदह मंडल) के छात्रों ने वरिष्ठ स्तर कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और मंडल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर 2025 तक हरिहरगंज, पलामू (झारखंड) में आयोजित हुई थी, जिसका आयोजन झारखंड राज्य कुश्ती संघ द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर से प्रतिभाशाली पहलवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल, अनुशासन व खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में समीर कुमार यादव ने 45 किलोग्राम फ्री स्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की, जबकि आदित्य कुमार यादव ने 57 किलोग्राम फ्री स्टाइल वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इन दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने पूर्व रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज तथा पूर्व रेलवे के मालदह मंडल का गौरव बढ़ाया है। इन युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां उनके कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और मजबूत संकल्प का परिणाम हैं। मालदह मंडल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### काकद्वीप में कानून छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में वकील गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में कानून की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित अधिवक्ता शेख मनोवर आलम को काकद्वीप थाना पुलिस की टीम ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया। बता दें कि गत 12 नवम्बर को काकद्वीप के एक अधिवक्ता के चेंबर में कानून की छात्रा सोनिया हालदार का शव फंदे से झूलता हुआ मिला था। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक प्रेम पत्र बरामद हुआ, जिसके आधार पर मृतका के परिवार ने अधिवक्ता पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए काकद्वीप थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद काकद्वीप पुलिस ने जांच शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, घटना के बाद अधिवक्ता फरार हो गया था। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने उसे हैदराबाद से गिरफ्तार किया।

## वीजा खत्म होने के बाद भी राज्य में रहने के आरोप में दो अफगानी नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

वीजा खत्म होने के बाद भी राज्य में छिपे रहने के आरोप में पुलिस ने दो अफगानियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अफगानियों के नाम रहमतुल्लाह खाकसार और नियाज मोहम्मद हैं। ये दोनों कई सालों से कोलकाता में रह रहे थे। वे वाटगंज के रहने वाले थे। वे शहर में बिजनेस भी करते थे। लेकिन शहर में रहने की उनकी परमिशन 5 साल पहले खत्म हो गई थी। उसके बाद वे वैलिडिटी रिन्यू कराए बिना शहर में छिप गए। आरोप है कि उन्होंने नकली भारतीय पहचान पत्र भी जमा किए थे। तब से वे शहर में रह रहे हैं। हाल ही में, जासूसों ने वैलिडिटी खत्म होने के बाद भी कोलकाता और राज्य के अलग-अलग हिस्सों में छिपे किसी भी अफगान, बांग्लादेशी और पाकिस्तानी निवासी की तलाश शुरू की। उस जानकारी के आधार पर, कोलकाता पुलिस के सिक्योरिटी कंट्रोल ऑफिस के जासूसों ने जांच की और पता चला कि रहमतुल्लाह और नियाज भी नकली पहचान के तहत बिजनेस कर रहे थे। हाल ही में, दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। शहर में गैर-कानूनी तरीके से रहने के सबूत मिलने के बाद, साउथ कोलकाता के भबनीपुर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। इसके बाद, एससीओ ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि वे गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रहे हैं ताकि शहर में गैर-कानूनी तरीके से रहने का उनका मकसद पता चल सके।



## न्यूज इन ब्रीफ

### सरकार ने गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के मौके पर 25 नवंबर को अवकाश घोषित किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरु तेग बहादुर के शहादत दिवस के अवसर पर घोषित राजपत्रित अवकाश की तिथि में संशोधन किया है। गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस का अवकाश 24 नवंबर के बजाय 25 नवंबर को होगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, अवकाश सूची में संशोधन कर यह परिवर्तन किया गया है। बयान में बताया गया कि यह छुट्टी पहले 24 नवंबर को होनी थी लेकिन इसे अब 25 नवंबर के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। बयान के मुताबिक, संशोधित तिथि अब उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों पर लागू होगी। प्रमुख सचिव (सामान्य प्रशासन) मनीष चौहान ने एक आदेश में बताया कि शासन स्तर पर उचित विचार-विमर्श के बाद संशोधन को मंजूरी दी गई है।

### राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह से पहले सरयू घाट से शुरू हुई कलश यात्रा

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण से पहले बृहस्पतिवार को सरयू घाट से कलश यात्रा शुरू हुई। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने शोभायात्रा शुरू होने से पहले सरयू तट पर कलश पूजन किया, जिसके बाद महिला श्रद्धालुओं ने 551 कलश लेकर राम पथ पर यह यात्रा शुरू की। मंदिर परिसर के आसपास के रामकोट क्षेत्र की परिक्रमा पूरी करने के बाद यह यात्रा राम जन्मभूमि परिसर पहुंची। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान एकत्र होने वाले जल का इस्तेमाल राम मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण से पहले होने जा रहे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाएगा। ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे।

### हत्या के एक मामले में दोषी करार दिये गये सात लोगों को उम्रकैद

**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी सात लोगों को बृहस्पतिवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सभी पर 51-51 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि 15 जुलाई 2022 को खुर्जा नगर इलाके के शेखपेन मोहल्ले में रहने वाले इदरीस (65) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इदरीस के बेटे आस मोहम्मद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पिता और दो भाई इरफान व इमरान आगे चल रहे थे और वह पीछे था।

# नीतीश मंत्रिमंडल: अनुभवी नेताओं, नए चेहरों और सामाजिक संतुलन का मेल

**पटना:** बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को दसवीं बार पद और गोपनीयता की शपथ ली। नीतीश के 26 सदस्यीय मंत्रिमंडल में पुराने अनुभवी नेताओं के साथ 10 नए चेहरों को शामिल किया गया है, जिसमें जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। करीब 19 वर्ष से सत्ता में रहे कुमार ने अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू)और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई वरिष्ठ मंत्रियों को दोबारा मौका दिया है। जारी सूची के अनुसार, मंत्रिपरिषद में शामिल 26 सदस्यों में से 10 पहली बार मंत्री बने हैं। कुमार के मंत्रिमंडल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा को बरकरार रखा गया है, जो पिछली सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। वहीं जदयू ने अपने पुराने मंत्रियों बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी और श्रवण कुमार को भी मंत्रिमंडल में बरकरार रखा गया है। भाजपा ने अपने पूर्व मंत्रियों मंगल




पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद मेहता और नितिन नविन को दोबारा कैबिनेट में शामिल किया है। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने भी मंत्रिमंडल में वापसी की हैं। एक अन्य मंत्री नारायण प्रसाद की भी वापसी हुई है। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नीतीश के अचानक अलग होने पर जायसवाल व प्रसाद ने अपना पद गंवा दिया था और पिछली बार जदयू के राजग में लौटने पर भी उन्हें कैबिनेट में जगह नहीं मिली थी। राजग के अन्य सहयोगियों में हम (सेक्युलर) ने फिर से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष कुमार सुमन को अपना मंत्री बनाया है। नए चेहरों में जमुई से भाजपा विधायक व शूटिंग खिलाड़ी रह चुकीं श्रेयसी सिंह, औराई की विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री जय नारायण निषाद की बहू रमा निषाद शामिल हैं। इन्हें पार्टी के ईबीसी मल्लाह समुदाय के प्रति पहुंच बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश को भी कैबिनेट में जगह मिली है, हालांकि वे विधायक नहीं हैं। उम्मीद है कि दीपक को छह महीने के भीतर विधान परिषद में भेजा जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कृपाल यादव ने भी मंत्रिमंडल में वापसी की है। यादव ने दानापुर विधानसभा सीट से राजद के रितलाल यादव को हराया था। लोजपा (रामविलास) से संजय कुमार सिंह व संजय कुमार को मंत्री पद दिया गया है। मंत्रिमंडल में तीन महिला मंत्री हैं, जिनमें जदयू की लेसी सिंह और पहली बार मंत्री बनीं श्रेयसी सिंह व रमा निषाद हैं। जामा खान एकमात्र मुस्लिम मंत्री हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मंत्रिमंडल की संरचना से कुमार का सामाजिक संतुलन साधने का प्रयास स्पष्ट झलकता है। कुल 27 सदस्यों में से आठ सवर्ण, पांच दलित, एक मुस्लिम और 13 ओबीसी/ईबीसी वर्गों से हैं। दलीय आधार पर भाजपा को 14, जदयू को आठ, लोजपा (रामविलास) को दो, जबकि हम(से) और रालोमो को एक-एक मंत्री पद मिला है। नए मंत्रिमंडल में पूर्व मंत्री नितीश मिश्रा, जीवेश मिश्रा और संजय सरावगी को जगह नहीं मिली है। राज्य मंत्रिमंडल की अधिकतम सीमा मुख्यमंत्री समेत 36 सदस्यों की है।

# समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का निधन

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का बृहस्पतिवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 67 वर्ष के थे। सिंह के बेटे सुजीत सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'वह (सुधाकर सिंह)मंगलवार को दिल्ली से विमान से वाराणसी आए थे। दिल्ली हवाई अड्डे पर वह ठीक थे लेकिन वाराणसी हवाई अड्डे पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्हें इलाज के लिए वाराणसी में भर्ती कराया गया था और फिर बेहतर उपचार के लिए उन्हें लखनऊ ले जाया गया।' सुजीत सिंह ने बताया कि उनके पिता को देर रात लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे उनका निधन हो गया। उन्होंने चिकित्सकों के हवाले से बताया कि उनके पिता को हृदय संबंधी समस्याएं थीं। तीन बार विधायक रहे सुधाकर सिंह के परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। सिंह ने 2012 से 2017 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा



में घोसी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले, उन्होंने विधानसभा में नाथूपुर (परिसीमन) के बाद मधुबन) सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 1996 के विधानसभा चुनाव में नाथूपुर सीट से जीत हासिल की थी। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सिंह भाजपा के फागू चौहान से हार गए थे। वर्ष 2023 में हुए विधानसभा उपचुनाव में सुधाकर सिंह घोसी सीट से सपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुधाकर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। आदित्यनाथ ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, 'मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुधाकर सिंह का निधन बहुत दुखद है। उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।' उन्होंने कहा, ''मैं भगवान श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को यह बहुत बड़ा दुख सहने की शक्ति दें। ओम शांति।' सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सुधाकर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'घोसी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह जी का निधन अत्यंत दुःखद।

# बिहार: मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया

### दो विधायकों का मंत्री बनना पिता रामविलास के सपने का सच होना: चिराग पासवान



**पटना:** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा)-रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार की नई सरकार में उनकी पार्टी के दो विधायकों को जगह मिलना एक बड़ी जीत है, जिसका सपना उनके दिवंगत पिता राम विलास पासवान ने लंबे समय तक देखा था। चिराग ने कहा कि चुनावी जनादेश ने पार्टी पर विकसित बिहार की दिशा में काम करने की बड़ी जिम्मेदारियां भी सौंपी हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, आज का दिन राम विलास पासवान जी को याद करने का है और बिहार को विकसित बनाने के लिए काम करने का है। यह बड़ा दिन है और इस दिन मैं सबसे पहले अपने नेता व पिता माननीय राम विलास पासवान जी को याद करता हूं।

### नीतीश के बेटे निशांत ने बिहार को जनादेश के लिए धन्यवाद दिया, राजनीतिक पदार्पण पर सवाल टाल गए



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने बृहस्पतिवार को राज्य के लोगों को ऐतिहासिक जनादेश के लिए धन्यवाद दिया और खास तौर पर महिला मतदाताओं को उनकी विशेष भागीदारी का श्रेय दिया, लेकिन अपने राजनीतिक पदार्पण से जुड़े सवालों को टाल गए। उनके पिता ने बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 'पीटीआई वीडियो' सहित पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में निशांत ने कहा, बिहार की जनता को नमन और शुभकामनाएं। मैं दिल से धन्यवाद देता हूं और बधाई देता हूं लोगों ने जिस तरह काम किया, महिलाओं ने जिस तरह मतदान किया, उनकी विशेष भागीदारी बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जब उनसे पूछा गया कि वह राजनीति में कब आएंगे, तो 50 वर्षीय निशांत मुस्कुराए और वहां से चले गए।

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में नवनिर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर राज्य के लोगों का अभिनंदन किया और उनके सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री कुमार ने 'एक्स' पर कहा, गांधी मैदान में आयोजित इस विशेष अवसर पर बिहारवासियों को उनका नमन और धन्यवाद है। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थिति



के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार जताया। कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विभिन्न राज्यों से आए मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, गणमान्य व्यक्तियों और अन्य विशिष्ट अतिथियों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार, केंद्र के सहयोग से राज्य में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार के लोगों के आशीर्वाद और समर्थन से राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। नीतीश कुमार के 26 सदस्यीय मंत्रिमंडल में पुराने अनुभवी नेताओं के साथ 10 नए चेहरों को शामिल किया गया है, जिसमें जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शिरकत की, जिनमें आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, असम के हिमंत विश्व शर्मा और दिल्ली की रेखा गुप्ता प्रमुख थीं।

## चुनाव लड़े बिना ही मंत्री बने उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश

**पटना:** बिहार में बृहस्पतिवार को नीतीश कुमार के रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ नयी मंत्रिपरिषद में सबसे ज्यादा चर्चा राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के संस्थापक उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक कुशवाहा की हुई, जो बिना चुनाव लड़े ही मंत्री बन गए हैं। दीपक ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था लेकिन सीट बंटवारे के दौरान हुए समझौतों के तहत उन्हें विधान परिषद कोटे से मंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के बाद दीपक



ने कहा कि उन्हें दी गई जिम्मेदारी का पूरी तरह अहसास है और वह इसके निर्वहन के लिए संकल्पित हैं।

### अलीगढ़ में मदरसा शिक्षकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

**अलीगढ़:** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिला प्रशासन ने सभी मदरसा शिक्षकों के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य कर दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि यह कदम उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार उठाया गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'अब से मदरसा शिक्षकों का वेतन उनके बायोमेट्रिक उपस्थिति रिकॉर्ड के आधार पर दिया जाएगा।'

## मऊ में भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, सात लोग गंभीर रूप से घायल

**मऊ (उप्र):** मऊ जिले के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के दशई पोखरा के सामने बृहस्पतिवार सुबह एक सरकारी बस की टक्कर से ई-रिक्शा सवार तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्चों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ई-रिक्शा में देवरिया निवासी एक ही परिवार के 10 लोग सवार थे और एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक इला मारन ने बताया कि ये लोग एक शादी समारोह में शामिल होने ई-रिक्शा से जा रहे थे तभी अनियंत्रित रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिससे सभी 10 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान तीन महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। मारन ने बताया कि हादसे में बच्चों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और इनमें कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया तथा सरकारी बस को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक महिलाओं की पहचान शाहीन (33), नूरी (30) और महजबी (65) के रूप में की गई है।



समाज्ञा CINE मंत्र

# नवंबर में रिलीज होगी क्राइम थ्रीलर फिल्म 'पुलिस'



आज समाज में पुलिस के बारे में कई प्रकार की गलत अवधारणाएं बन गयी हैं। लोगों द्वारा पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन यह भी सच्चाई है कि पुलिस के बिना हम समाज को सुरक्षित नहीं मान सकते। एक जाबांज पुलिस अधिकारी की बहादुरी की कहानी है 'पुलिस'। प्रार्थना मूवीज द्वारा प्रायोजित क्राइम थ्रीलर बांग्ला फिल्म 'पुलिस' आगामी नवंबर में बंगाल के सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में टोटा रॉय चौधरी ने पुलिस की भूमिका निभायी है। फिल्म की अभिनेत्री हैं पीयान सरकार। किसी भी फिल्म में निगेटिव किरदार की भूमिका भी सबसे अहम होती है और जब फिल्म पुलिस अधिकारी के जीवन पर बन रही है तो यह और महत्वपूर्ण हो जाती है। इस फिल्म में आरके सिंह ने निगेटिव किरदार निभाया है, जो फिल्म में एक ठाकुर की भूमिका में हैं। आरके सिंह ने इससे पहले टॉलीवुड में सिटी ऑफ जैकल्स और बब्ली फिल्म में अभिनय किया है। इसके साथ ही उन्होंने बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'भूल भूलैया 3' में भी अभिनय किया है। फिल्म के बारे में श्री सिंह ने बताया कि यह फिल्म लोगों को पुलिस के बारे में उनके विचार को बदल देगी। फिल्म देखने के बाद लोगों के दिल में पुलिस के लिए सम्मान व सकारात्मक भावना पैदा होगी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक राजा चंद्रा ने किया है। यह फिल्म नवंबर 2025 में रिलीज होगी और जल्द ही इसका पोस्टर व एल्बम भी लांच किया जायेगा।

# एक-दूसरे से काफी कुछ सीख रहे हैं द फैमिली मैन 3 के अभिनेता बाजपेयी और अहलावत

वर्षों पहले गैंग्स ऑफ वासेपुर में पिता-पुत्र का किरदार निभाने के बाद, मनोज बाजपेयी और जयदीप अहलावत द फैमिली मैन 3 सीरीज में एक-दूसरे के दुश्मन के रूप में दिखेंगे। दोनों अभिनेता एक-दूसरे की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

अहलावत (45) मनोज बाजपेयी के प्रति गहरा सम्मान रखते हैं। बाजपेयी (56) भी जवाब में कहते हैं कि वह पाताल लोक के स्टार अहलावत की प्रतिभा से बेहद प्रभावित हैं।

बाजपेयी ने अहलावत और द फैमिली मैन 3 की टीम के साथ 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, मैंने 'पाताल लोक' देखी है और मैं उसके हर दृश्य के बारे में बात कर सकता हूं। मैंने जयदीप से इस पर विस्तार से बात की है। मुझे इसका काम बहुत पसंद है, खासकर 'पाताल लोक' में, इसीलिए मैं 'पाताल लोक' की बार-बार बात करता हूं। इसने बहुत शानदार काम किया है।

इसपर अहलावत ने कहा कि उन्होंने मनोज बाजपेयी की लगभग सभी फिल्में देखी हैं।

अहलावत ने कहा, उन्होंने बहुत बेहतरीन काम किया है। अगर आप उनकी हर परफॉर्मेंस देखें तो वह कई अभिनेताओं के लिए मास्टरक्लास है। मैं यह बहुत ईमानदारी से कह रहा हूं।

दोनों अभिनेताओं की पहली मुलाकात चटगांव के सेट पर हुई थी, उसके बाद उन्होंने अनुराग कश्यप की दो-भाग वाली वासेपुर में साथ काम किया।

दोनों अभिनेता बाजपेयी की फिल्म जुगनुमा के लिए आयोजित कार्यक्रम को याद करते हंसते हैं, जिसमें अनुराग कश्यप, अहलावत और सह-कलाकार विजय वर्मा ने बाजपेयी के पैर छुए थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

बाजपेयी ने कहा कि वह बहुत असहज हुए थे और उन्होंने इसके लिए कश्यप को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने हंसते हुए कहा, लेकिन वो सब मजे कर रहे थे। यह थोड़ा वायरल हो गया। अनुराग कश्यप ऐसी चीजें करता रहता है, आप लोगों ने वीडियो में जो था वो नहीं सुना, मैंने उसे मजाक में बहुत बुरा-भला कहा था।

हालांकि अहलावत को यह बहुत अच्छा लगा था।

उन्होंने कहा, यह बस हो गया वह हमारे लिए एक पल था और हमने सोचा, पकड़ लो।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका रिश्ता गुरु-शिष्य जैसा है, तो बाजपेयी ने तुरंत इससे इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा, यह (रिश्ता) गुरु-शिष्य जैसा नहीं है। वह बहुत बड़ी बात होती है। जिन्होंने एफटीआईआईआई में जयदीप को सिखाया है और अभिनय से परिचित कराया है, वही उनके गुरु हैं। लेकिन हम एक-दूसरे के काम से बहुत कुछ सीखते हैं, बस इतना ही। इससे ज्यादा कुछ नहीं। इसे इतना महिमामंडित न करें।



गैंग्स ऑफ वासेपुर के 13 साल बाद द फैमिली मैन 3 में दोनों एक दूसरे के खिलाफ नजर आएंगे। इस सीरीज में बाजपेयी खुफिया अधिकारी श्रीकांत तिवारी की भूमिका में हैं जबकि अहलावत रुक्मा नामक विलेन का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा निमरत कौर मीरा की भूमिका में नजर आएंगी।

द फैमिली मैन 3 में बाजपेयी ने दो नटखट बच्चों के पिता का किरदार निभाया है। इसमें शारिब हाशमी, प्रियमणि, अशलेषा ठाकुर, वेदांत सिन्हा, श्रेया धनवंतरी और गुल पनाग भी नजर आएंगे। यह सीरीज 21 नवंबर को प्राइम वीडियो पर आएगी।

# जबरदस्त एक्शन में फिर लौटेंगे सनी देओल

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार सनी देओल और अपने तीखे अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अक्षय खन्ना एक बार फिर साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक ने दोनों सितारों के फैंस में एक्साइटमेंट दोगुनी कर दी है। बताया जा रहा है कि ये जोड़ी एक हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर में धूम मचाने की तैयारी में है, जिसमें एक्ट्रेस संजीदा शेख भी दमदार भूमिका निभाती दिखेंगी।



### एक बार फिर साथ आए सनी-अक्षय

'फिल्मफेयर' की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों सितारों ने एक ओटीटी एक्शन प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। यह फिल्म पूरी तरह डिजिटल दर्शकों को ध्यान में रखते हुए प्लान की जा रही है। शूटिंग मुंबई में शुरू होने वाली है और मेकर्स कहानी को लेकर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि कहानी बिजली-सी तेज रफ्तार वाली होगी, जिसमें भारी-भरकम एक्शन, इमोशनल ड्रामा और मिस्ट्री का तड़का लगाया गया है। संजीदा शेख भी इस कहानी का अहम हिस्सा होंगी। उनके किरदार को फिल्म में इमोशनल गहराई जोड़ने वाला बताया गया है।

### क्यों चुना गया ओटीटी प्लेटफॉर्म?

पिछले कुछ समय में बड़े स्केल के एक्शन प्रोजेक्ट्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। मेकर्स का मानना है कि ओटीटी की विशाल और विविध दर्शक संख्या ऐसी फिल्मों को तुरंत लोकप्रियता दिलाती है। हालांकि यह अभी साफ नहीं है कि फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर आएगी, लेकिन उद्योग से जुड़े लोग इसे किसी बड़े स्ट्रीमिंग जायंट से जुड़ा प्रोजेक्ट बता रहे हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो अपनी मजबूत कहानी और स्टाइलिश ट्रीटमेंट के लिए जाने जाते हैं।

### अक्षय खन्ना के करियर में एक और बड़ा कदम

अक्षय खन्ना इस समय शानदार फॉर्म में हैं। पहले उन्होंने 'छावा' में खलनायक बनकर दर्शकों को चौंकाया, उसके बाद उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' अपने लुक और इंटेंस ट्रेलर के कारण खूब चर्चा में है।

साल 2025 उनके करियर के लिए खास होने वाला है और नया एक्शन प्रोजेक्ट उनकी लिस्ट में एक और दमदार एंट्री जोड़ देगा।

### सनी देओल की नई उड़ान

'जाट' की सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में धूम मचाने को तैयार हैं। वहीं उनकी मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' भी चर्चा में है, जिसमें वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी नजर आएंगे। सनी देओल के फैंस उन्हें फिर बड़े पैमाने पर एक्शन करते देखने के लिए बेसब्र हैं।

### संजीदा शेख का करियर ग्राफ

संजीदा शेख ने हाल ही में 'हीरामंडी' और 'फाइटर' में बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान खींचा। इस फिल्म में उनकी मौजूदगी कहानी में नई दिशा और परतें जोड़ने वाली मानी जा रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सबरीमाला दर्शन: तत्काल बुकिंग की संख्या पांच हजार तक सीमित की गई

**पत्तनमथिट्टा (केरल) :** त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सबरीमला दर्शन के लिए की जाने वाली तत्काल बुकिंग की संख्या को प्रतिदिन पांच हजार लोगों तक सीमित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केरल उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद बुकिंग की यह सीमा तय की गई है। अधिकारियों ने बताया कि तत्काल बुकिंग की सुविधा केवल निलक्कल और वंदिपेरियार केंद्रों पर ही उपलब्ध होगी। फिलहाल यह सुविधा 24 नवंबर तक पंबा, एरुमेली और चेंगन्नूर में अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई है। टीडीबी ने सबरीमला दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की है कि जहां तक संभव हो वे 'वर्चुअल-क्यू प्रणाली' (ऑनलाइन कतार) के माध्यम से ही अपनी जगह सुनिश्चित करें।

### ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे संजय भंडारी से जुड़े मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति एवं कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ब्रिटेन में रह रहे हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुपूरक अभियोजन शिकायत यहां विशेष धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) अदालत में दायर की गई है। अधिकारियों ने कहा कि मामले को संज्ञान संबंधी कार्यवाही के लिए छह दिसंबर को सूचीबद्ध किया गया है। वाड्रा के खिलाफ धनशोधन के मामले में यह दूसरा आरोपपत्र है। जुलाई में, ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक ज़मीन सौदे में कथित गड़बड़ियों से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। ईडी भंडारी से जुड़े मामले में 56 साल के वाड्रा से विगत में पूछताछ कर चुकी है।

### नवी मुंबई में अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 20 गिरफ्तार

**ठाणे :** नवी मुंबई में एक फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर 12 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के आरोप में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि इस अपराध का दायरा काफी बड़ा है और इसमें कई वांछित आरोपी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि नवी मुंबई के तुर्भे इलाके से संचालित हो रहे इस कॉल सेंटर के खिलाफ बृहस्पतिवार को कार्रवाई की गई। नवी मुंबई साइबर पुलिस थाना और अपराध शाखा ने यह कार्रवाई की। पुलिस को 18 नवंबर को सूचना मिली कि नागरिकों को ठगने के लिए विभिन्न फर्जी कंपनियों की आड़ में एक कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है जिसके बाद तत्काल ही पुलिस की एक संयुक्त टीम ने वहां छापा मारा और धोखाधड़ी के दो अलग-अलग तरीकों का पर्दाफाश किया।

### नक्सलियों से मुठभेड़ में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मी का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**नरसिंहपुर :** नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिस निरिक्षक आशीष शर्मा का बृहस्पतिवार को मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बोहानी गांव में अंतिम यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल सहयोगी प्रहलाद पटेल ने अर्थी को कंधा दिया। शर्मा बुधवार सुबह छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा पर नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए थे। वह मध्यप्रदेश पुलिस की 'हॉक फोर्स' का हिस्सा थे, जो एक विशिष्ट नक्सल रोधी इकाई है। यादव ने मृतक पुलिसकर्मी के परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और कहा कि शर्मा के छोटे भाई को सभी योग्यता नियमों में ढील देकर उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

# हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं नक्सली : राष्ट्रपति मुर्मू



**अंबिकापुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश भर के नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं तथा केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों से निकट भविष्य में ही वामपंथी उग्रवाद का उन्मूलन संभव हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज को दूसरे अन्य समाजों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में वामपंथी उग्रवाद का रास्ता छोड़कर लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के सुविचारित और सुसंगठित प्रयासों से निकट भविष्य में ही वामपंथी उग्रवाद का उन्मूलन संभव हो जाएगा। यह एक बहुत ही संतोषजनक बदलाव है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि 1.65 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हाल ही में आयोजित 'बस्तर ओलंपिक' में हिस्सा लिया। यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है जनजातीय महानायकों के आदर्शों पर चलते हुए, छत्तीसगढ़ के निवासी सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान देंगे। मुर्मू ने कहा, ''महिलाएं समाज की धरोहर हैं और जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज आगे बढ़ता है।'

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तिरुपति के श्री पद्मावती मंदिर में पूजा-अर्चना की



**तिरुपति (आंध्र प्रदेश) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां तिरुचनूर में श्री पद्मावती मंदिर में पूजा-अर्चना की। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रपति के आने पर उनका स्वागत किया तथा उनके साथ दर्शन के लिए गए। टीटीडी की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज शाम मंदिर के ध्वजस्तंभ पर पूजा करने के बाद श्री पद्मावती अम्मावरु के दर्शन किए।''

## इफ्फी में 'उमराव जान' और 'प्यासा' सहित कई मशहूर फिल्म दिखाई जाएंगी

**पणजी :** अभिनेत्री रेखा की फिल्म 'उमराव जान', गुरु दत्त की 'प्यासा' और ऋत्विक घटक की 'सुवर्णरेखा' सहित दस मशहूर फिल्मों को यहां 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में प्रदर्शित किया जाएगा। इस संबंध में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि फिल्म संरक्षण और 'पोस्ट-प्रोडक्शन' के क्षेत्र में अग्रणी प्रसाद समूह ने एनएफडीसी-एनएफएआई के साथ भारतीय सिनेमा की कुछ सबसे प्रभावशाली रचनात्मक आवाज़ों का प्रतिनिधित्व करने वाली इन फिल्मों को उत्कृष्ट रूप में फिर से सामने लाने के लिए सहयोग किया है। मुजफ़्फ़र अली की 'उमराव जान' और 'गमन' दो ऐसी फिल्म हैं जिन्हें 'रिस्टोर' किया गया है और ये क्रमशः 21 और 22 नवंबर को प्रदर्शित की जाएंगी। डिंपल कपाड़िया अभिनीत कल्पना लाजमी की 'रिस्टोर' की गई फिल्म 'रुदाली' भी 22 नवंबर को प्रदर्शित की जाएगी। ऋत्विक घटक की 'सुवर्णरेखा' का प्रदर्शन 23 नवंबर को किया जाएगा। गोविंद निहलानी की 1984 की फ़िल्म 'पार्टी' और गुरुदत्त की 1957 की मशहूर फिल्म 'प्यासा' का प्रदर्शन 24 नवंबर को किया जाएगा। वहीं, श्याम बेनेगल की 1987 की फ़िल्म 'सुस्मन' और सिबी मलयिल की 'किरीदम' 27 नवंबर को दिखाई जाएंगी। महोत्सव के अंतिम दिन ऋषिकेश मुखर्जी की 1957 की फ़िल्म 'मुसाफ़िर' का प्रदर्शन किया जाएगा।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग के सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है: जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग के सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है, जिनमें व्यापार तथा निवेश, रक्षा तथा सुरक्षा, शिक्षा तथा कौशल, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष तथा ऊर्जा शामिल हैं। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वॉन्ग के साथ यहां 16वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता की अध्यक्षता की। जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा, ''हम अपने प्रधानमंत्रियों को जो सिफारिशें देंगे, वे उनके लिए महत्वपूर्ण होंगी, जिन्हें वे शीघ्र ही मिलने पर संज्ञान में रखेंगे।'' जयशंकर की यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित 20वें जी-20 समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 21 से 23 नवंबर तक जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार वह 20 से 22 नवंबर तक जी-20 समूह के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग की यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए, अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक और रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए विश्व के अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

## बिहार में विपक्षी गठबंधन 'जंगलराज' में विश्वास करता है; राजग ने राज्य को सुरक्षित बनाया: शाह



**भावनगर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और ''जंगल राज'' में विश्वास रखने वाले ''अहंकारी गठबंधन'' के बीच मुकाबला हुआ था। शाह गुजरात के भावनगर शहर में जिला भाजपा के नये मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा, ''बिहार चुनाव मुद्दों पर लड़ा गया था। एक तरफ घमंडिया गठबंधन था जो जंगल राज में विश्वास करता है और दूसरी तरफ राजग था जिसने बिहार को एक सुरक्षित राज्य बनाया।'' उन्होंने कहा कि अंत में लोगों ने राजग को ऐतिहासिक जनादेश दिया। शाह ने कहा, ''एक तरफ कांग्रेस है जो अवैध घुसपैठियों का समर्थन करती है। दूसरी तरफ भाजपा है जिसने न केवल बिहार में बल्कि पूरे देश में रह रहे प्रत्येक अवैध घुसपैठिए की पहचान करने और उसे निर्वासित करने का संकल्प लिया है।'' गृह मंत्री इससे पहले पटना में नीतीश कुमार की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। देशभर में राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा और राजग की हाल में हुई जीत का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी नीतियों और देश को सुरक्षित करने के लिए उनके अथक प्रयासों को जनादेश दिया है।

## कोयला जलाकर सोए चार मजदूर अपने कमरे में मृत मिले



**कानपुर :** कानपुर के पनकी औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार को चार मजदूर अपने किराए के कमरे में मृत पाए गए। पुलिस को संदेह है कि रात भर कमरे में कोयला जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। सहायक पुलिस आयुक्त (पनकी) शिखर ने कहा कि मृतकों की पहचान अरुण वर्मा (32), संजू सिंह (22), राहुल सिंह (23) और दाउद अंसारी (28) के तौर पर हुई है। ये सभी देवरिया ज़िले के रहने वाले थे और औद्योगिक क्षेत्र में एक तेल मिल में काम करते थे। उन्होंने बताया कि कमरे में सात मजदूर रहते थे लेकिन तीन रात को कहीं बाहर चले गए थे। उन्होंने बताया कि बाकी चार मजदूरों ने रात का खाना बनाया और बाद में ठंड से राहत के लिए लोहे के बर्तन में कोयला जलाया। उन्होंने कमरा अंदर से बंद कर लिया था और कमरे में हवा आर-पार जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। जब वे सुबह तक नहीं उठे, तो साथी श्रमिकों ने बार-बार दरवाज़ा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

## भारत में जन्मी चीता मुखी ने कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया



**श्योपुर :** भारत में जन्मी चीता मुखी ने मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को इसे 'प्रोजेक्ट चीता' में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत में जन्मी चीता मुखी ने मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है, जिससे एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि मां और शावक स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की चीता पुनरुद्धार पहल के लिए एक अभूतपूर्व सफलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में जन्मी पहली मादा चीता मुखी अब प्रजनन करने वाली भारत में जन्मी पहली चीता बन गई है जिसने 33 महीने की उम्र में शावकों को जन्म दिया। यादव ने कहा कि भारत में जन्मे चीते का सफल प्रजनन, भारतीय वातावरण में इस प्रजाति के अनुकूलन, स्वास्थ्य और लंबे समय की संभावनाओं का एक मज़बूत संकेत है।

## राजधानी की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर के करीब पहुंची, 18 केंद्रों पर एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को 'गंभीर' श्रेणी के करीब रही और औसत एक्यूआई 391 दर्ज किया गया जबकि 15 से अधिक निगरानी केंद्रों में एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया। सीपीसीबी ने यह जानकारी दी। चौबीस घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया और यह लगातार सातवें दिन 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बुधवार को औसत एक्यूआई 392, मंगलवार को 374 और सोमवार को 351 रहा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता और भी खराब होकर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने की संभावना है तथा यह अगले छह दिनों तक 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में बनी रहेगी। सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार 38 चालू केंद्रों में से 18 में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। इनमें चांदनी चौक, डीटीयू, बवाना, आनंद विहार, मुंडका, नरेला और वजीरपुर स्टेशन शामिल हैं, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से अधिक रहा।

# अल फलाह समूह के चेयरमैन की पारिवारिक संपत्ति पर बिना इजाज़त निर्माण के लिए कानूनी वारिसों को नोटिस

**महू (मप्र) :** मध्यप्रदेश के महू छावनी परिषद ने अल फलाह समूह के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी के परिवार की एक रहवासी संपत्ति पर रहने वालों और कानूनी वारिसों को बिना इजाजत निर्माण का हवाला देते हुए नोटिस जारी किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि छावनी बोर्ड के अधिकारियों ने निर्देश दिया है कि तीन दिनों के अंदर भवन को गिरा दिया जाए। फरीदाबाद में अल फलाह ग्रुप द्वारा चलाई जाने वाली अल फलाह यूनिवर्सिटी, 10 नवंबर को दिल्ली में हुए विस्फोट के मामले में जांच का केंद्र बन रही है। इस धमाके में 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। कैंटोनमेंट इंजीनियर एच एस कलोया ने कहा, हमने मरहूम मौलाना हम्माद के घर को नोटिस जारी किया है, जो जवाद अहमद सिद्दीकी के पिता हैं। नोटिस के मुताबिक, विभाग ने पहले भी 1996 और 1997 में कैंटोनमेंट्स एक्ट, 1924 के संबंधित धाराओं के तहत कई बार बिना इजाजत किए गए निर्माण को हटाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा, हालांकि, बार-बार नोटिस देने के बावजूद, जिस निर्माण की बात हो रही है, उसे नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि नए नोटिस में संपत्ति पर अभी रहने वाले या कानूनी वारिसों को तीन दिन के अंदर बिना इजाजत बने भवन को हटाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि अगर निर्देश का पालन नहीं किया जाता है, तो कैंटोनमेंट बोर्ड हटाने की कार्रवाई करेगा, और कैंटोनमेंट्स एक्ट के नियमों के अनुसार संबंधित पक्ष से खर्च वसूला जाएगा। यह संपत्ति - मकान नंबर 1371 - महू के मुकेरी मोहल्ला इलाके में सर्वे नंबर 245/1245 पर है। अधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस ने पहले हैदराबाद से जवाद सिद्दीकी के भाई हामूद अहमद सिद्दीकी को महू में हुए आर्थिक जालसाजी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

### जांच में अल फलाह के पूर्व छात्र के संबंधों का पता चला

लाल किले के पास हाल में हुए कार विस्फोट की जांच का दायरा बढ़ने के साथ दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा को इंडियन मुजाहिदीन के भगोड़े आतंकवादी और अल फलाह विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मिर्जा शादाब बेग के बारे में एक नया सुराग मिला है। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बेग 2007 में अल फलाह विश्वविद्यालय में छात्र था, जब यह एक इंजीनियरिंग कॉलेज हुआ करता था। उन्होंने बताया कि 2014 में इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के एक सूत्र ने कहा, ''इस घटनाक्रम ने जांच एजेंसियों को बेग से जुड़े नेटवर्क की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।'' अधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का मूल निवासी बेग 2008 में राजस्थान और गुजरात में किए गए कई विस्फोटों के लिए वांछित है। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के दस्तावेजों के अनुसार बेग ने 2007 में अल फलाह से बी.टेक की पढ़ाई पूरी की थी, उसी साल उसने गोरखपुर विस्फोट को अंजाम दिया था। सूत्र ने यह भी बताया कि बेग 2008 के हमलों के तुरंत बाद भारत से भाग गया था। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे ने किया ताजमहल का दीदार



**आगरा :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने बृहस्पतिवार को यहां आगरा में ताजमहल का दीदार किया और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग एक घंटा इस विश्व धरोहर में बिताया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप जूनियर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे ताज महल पहुंचे और परिसर के अंदर डायना बेंच समेत विभिन्न स्थानों पर तस्वीरें खिंचवाईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ट्रंप जूनियर ने ताजमहल के इतिहास और निर्माण में गहरी रुचि दिखाई तथा अपने गाइड से इसकी वास्तुकला के बारे में विस्तृत प्रश्न पूछे। गाइड नितिन सिंह इस दौरान ट्रंप जूनियर के साथ थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंह वही गाइड हैं, जिन्होंने 2020 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के दौरान उन्हें यह स्मारक दिखाया था। अमेरिका के राष्ट्रपति के बेटे के इस दौरे के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिफाजत के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा, अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया था। ट्रंप जूनियर के परिसर में प्रवेश करते ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली, जिससे स्मारक के अंदर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हुई। उन्होंने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के आगमन से पहले प्रशासन ने विशेष सफाई अभियान भी चलाया।

## आरेडिका में संविदा कर्मचारी को हटाए जाने की शिकायत पर जॉच

**रायबरेली,समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में संविदा कर्मी ने आरेडिका प्रबंधन को एक पत्र के माध्यम से दिनांक 17 नवंबर 2025 को लिखित शिकायत की है। जिसमें संविदा कर्मी ने लिखा है कि मैं आरेडिका में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। मेरे ऊपर कार्य में लापरवाही तथा कार्य स्थल पर देर से आने का आरोप लगाकर दूसरे व्यक्ति को कार्य पर लगा दिया और मुझे रिलीवर में डाल दिया है। इस प्रकारण से संबंधित खबरें सोशल मीडिया के ग्रुपों में समाचार पत्रों की कटिंग के रूप में भी आरेडिका प्रबंधन को प्राप्त हुई है।उक्त सभी तथ्यों के आधार पर आरेडिका प्रशासन मामले की जॉच कर रहा है एवं दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जाऐगी। आगे भी प्रशासन के सामने इस प्रकार के मामले सामने आएंगे तो उन पर भी जॉच कर कार्यवाही की जाएगी।

## कठुआ, सांबा और जम्मू में सीमा व आसपास तलाशी अभियान चलाया गया

**जम्मू :** सुरक्षा बलों ने सतर्कता बढ़ाने के मकसद से जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा और अंदरूनी इलाकों में बृहस्पतिवार को सुरक्षा अभ्यास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कठुआ जिले के मारहीन और कोरेपन्नू गांवों में, सांबा जिले में सादोह और अरंगल गांवों के बीच तथा जम्मू के चौकी चौरा इलाके में तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी), सीमा पुलिस और बीएसएफ द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान का उद्देश्य भारत-पाकिस्तान सीमा के पास सुरक्षा को मजबूत करना और सतर्कता बढ़ाना था। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए कठुआ की एसएसपी मोहिता शर्मा ने निचले कठुआ में घुसपैठ रोधी 'ग्रिड' का निरीक्षण किया और हीरानगर तथा राजबाग इलाकों में दूर-दराज के गांवों और सुरक्षा शिविरों का दौरा किया।

## ईडी ने जालसाजी मामले में पूर्व एनएसजी कमांडो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के पूर्व अधिकारी प्रवीण यादव के खिलाफ मानेसर स्थित 'ब्लैक कैट्स' कमांडो की छावनी में सिविल कार्यों के लिए जारी निविदा दस्तावेजों की जालसाजी के मामलों में कथित धन शोधन के लिए आरोप पत्र दायर किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गुरुग्राम की एक विशेष अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से दाखिल शिकायत में ईडी ने प्रवीण यादव, उनकी बहन ऋतुराज यादव, ममता यादव, नवीन कुमार, कमल सिंह, दिनेश कुमार, किरणपाल यादव, कोशिया इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, एसएस डेवलपर्स, मंगला स्पन पाइप इंडस्ट्रीज, सी हॉक सर्विसेज और श्री श्याम इंडस्ट्रीज को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोपी बनाया गया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''गुरुग्राम के मानेसर थाने में आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रवीण यादव और अन्य के खिलाफ दर्ज पांच प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस ने सभी पांच प्राथमिकियों में कई लोगों और कंपनियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए।'' ईडी की जांच में पता चला कि मानेसर के एनएसजी स्टेशन हेड क्वार्टर में प्रतिनियुक्ति पर टीम कमांडर सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और एससी एडमिन के रूप में तैनात रहे प्रवीण यादव ने एक आपराधिक साजिश रची। उन्होंने एनएसजी मानेसर के नाम से दस्तावेज़ों में फर्जीवाड़ा किया और गुरुग्राम के एक्सिस बैंक में एक फर्जी खाता खोला। इसमें उनकी बहन ऋतुराज यादव ने उनकी मदद की। ऋतुराज यादव उस बैंक शाखा में प्रबंधक थीं।

## भारत की सुरक्षा एजेंसियों के साथ हमारी साझेदारी की सराहना करते हैं: अमेरिकी दूतावास



**नयी दिल्ली :** अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को अमेरिकी दूतावास ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद से जुड़े नेटवर्कों का खात्मा करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अनमोल को दिल्ली लाए जाने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। उसपर 10 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित था। अमेरिकी दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, हम भारत की सुरक्षा एजेंसियों के साथ जारी साझेदारी की सराहना करते हैं। हम आतंकवाद से जुड़े नेटवर्कों का खात्मा करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई और कई सनसनीखेज मामलों में वांछित अनमोल को आपराधिक गिरोह और आतंकवादी समूहों के बीच गठजोड़ से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया है। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अनमोल को मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया और फिर पटियाला हाउस में स्थित निर्धारित अदालत में पेश किया गया। अनमोल के खिलाफ एनआईए ने 2023 में आरोप पत्र दायर किया था। अनमोल को कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को शाम करीब पांच बजे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा के सामने पेश किया गया।

# ईस्ट बंगाल ने प्रधानमंत्री का दरवाजा खटखटाया, भारतीय फुटबॉल के पुनरोद्धार में मदद मांगी

**नयी दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल में 'कई वर्षों से आ रही गिरावट' से परेशान देश के सबसे पुराने क्लबों में से एक ईस्ट बंगाल ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 'अभूतपूर्व संकट' को दूर करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। यह संकट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता और खेल में निवेश में भारी गिरावट से सामने आया है। पत्र में 106 साल पुराने क्लब ने बताया कि राष्ट्रीय टीम अपने शानदार अतीत के बावजूद नवीनतम फीफा रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसक गई है। भारतीय टीम ने 1951 और 1962 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 1970 में कांस्य पदक जीता था। दिलचस्प बात यह है कि कोलकाता का यह क्लब उन 12 आईएसएल टीम में से भी एक है जिन्होंने आईएसएल सत्र के आयोजन में अनिश्चितता से पैदा हुई समस्या के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय में दखल देने के लिए एक संयुक्त आवेदन दिया है। क्लब ने चिंता जताई कि देश की शीर्ष लीग आईएसएल इस सत्र में अब तक शुरू नहीं हुई है जिससे खिलाड़ियों, क्लबों, अधिकारियों और समर्थकों में तनाव है। ईस्ट बंगाल क्लब के अध्यक्ष




मुरारी लाल लोहिया के हस्ताक्षर वाले पत्र में कहा गया है, ''इस पर कोई स्पष्टता नहीं है कि यह कब शुरू होगी या शुरू होगी भी या नहीं। इस अनिश्चितता ने बड़े पैमाने पर चिंता पैदा की है और खेल की अखंडता और भविष्य के लिए खतरा है।'' क्लब ने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में संचालन में गिरावट ने खेल के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाया है।

### भारतीय फुटबॉल टीम छह पायदान खिसककर फीफा रैंकिंग में 142वें स्थान पर

**नयी दिल्ली:** एशियाई कप 2027 क्वालीफायर में बांग्लादेश से 0 . 1 से मिली हार के बाद भारतीय टीम ताजा फीफा रैंकिंग में छह पायदान गिरकर 142वें स्थान पर आ गई है। खालिद जमील की कोचिंग वाली टीम 2003 के बाद पहली बार बांग्लादेश से हार गई जिससे टीम की काफी आलोचना हुई है। पिछले महीने गोवा में सिंगापुर के हाथों हारने के बाद भारत एशिया कप की दौड़ से बाहर हो चुका है। भारत की अक्टूबर 2016 के बाद यह सबसे खराब रैंकिंग है। उस समय टीम 148वें स्थान पर थी। दिसंबर 2023 में भारत रैंकिंग में 102वें स्थान पर पहुंचा था लेकिन उसके बाद से रैंकिंग लगातार खराब हुई है। एशिया की 46 टीमों में भारत अब 27वीं रैंक पर है जिसमें जापान 18वें स्थान पर है। भारत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 94 थी जो उसे फरवरी 1996 में मिली थी।

### न्यूज ब्रीफ

#### प्रणवी ने इतिहास रचा, पुरुष खिलाड़ियों को पछाड़कर आईजीपीएल खिताब जीता



**मुंबई:** प्रणवी उर्स बृहस्पतिवार को यहां आईजीपीएल टूर में इतिहास रचते हुए पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं। प्रणवी ने आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई में अंतिम दौर में आठ अंडर 60 का हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 18 अंडर रहा। कल तक शीर्ष पर चल रहे करणदीप कोचर अंतिम दौर में 64 के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

#### विश्व कप स्नूकर: भारत ए जीता, भारत बी हारा

**मस्कट:** भारत ए ने ओमान ए को हरा दिया लेकिन बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप स्नूकर टीम प्रतियोगिता के पहले दिन भारत बी को फ्रांस की मजबूत टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारत ए की तरफ से खेल रहे तीन बार के आईबीएसएफ चैंपियन पंकज आडवाणी ने ग्रुप एफ में उमर सुल्तान को 80-4 से हराकर धमाकेदार शुरुआत की। आदित्य मेहता ने अहमद अलखुसैबी के खिलाफ लय पाने में समय लिया लेकिन नजरें जमाने के बाद मुंबई के इस खिलाड़ी ने भारत ए को 2-0 से आगे कर दिया। इसके बाद बृजेश दमानी ने आडवाणी के साथ मिलकर सुल्तान और अलखुसैबी की जोड़ी को 62-20 से हराकर भारत ए की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले भारत बी को अच्छी शुरुआत के बावजूद ग्रुप ए में फ्रांस के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।

### महिला मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण पदक जीते, भारतीय मुक्केबाजों को 20 पदक

**ग्रेटर नोएडा :** स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन की अगुआई में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में सात स्वर्ण पदक जीते जबकि पुरुष मुक्केबाजों में हितेश गुलिया और सचिन सिवाच ने भी खिताब जीता। मेजबान देश के मुक्केबाजों ने सभी 20 वजन वर्ग में पदक जीता जिसमें नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य शामिल रहे। बृहस्पतिवार को भारत के 15 मुक्केबाज रिंग में उतरे जिसमें से फाइनल वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा), विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (60 किग्रा), पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नुपुर श्योराण (80 किग्रा से अधिक) ने भी स्वर्ण पदक जीते।

### गिल का आज होगा फिटनेस टेस्ट, दूसरा टेस्ट खेलना संदिग्ध



**गुवाहाटी:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में ऐंठन के शिकार हुए भारतीय कप्तान शुभमन गिल का फिटनेस टेस्ट शुक्रवार को होगा ताकि दूसरे टेस्ट के लिये उनकी उपलब्धता का पता चल सके। कोलकाता में पहले टेस्ट के दूसरे दिन गिल की गर्दन में ऐंठन आ गई थी और उसके बाद से उन्होंने नेट्स पर अभ्यास नहीं किया है। दूसरे टेस्ट में उनके खेलने की संभावना कम है जबकि बीसीसीआई की खेल विज्ञान टीम अंतिम फैसला लेने से पहले इंतजार करना चाहती है। दूसरा और आखिरी टेस्ट शनिवार से खेला जायेगा। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने अभ्यास सत्र से पहले कहा,'वह तेजी से फिट हो रहा है क्योंकि मैं उससे कल ही मिला था।' उन्होंने कहा ,'अब फैसला कल शाम को लिया जायेगा क्योंकि फिजियो और डॉक्टर देखेंगे कि पूरी तरह से फिट होने के बाद भी क्या मैच के दौरान फिर ऐंठन होने की आशंका है।' कोटक ने कहा ,'अगर ऐसी आशंका होगी तो उसे एक मैच के लिये और आराम दिया जायेगा। शुभमन जैसा खिलाड़ी और वह कप्तान भी है तो टीम को उसकी कमी खलेगी।' उन्होंने कहा ,'अगर वह नहीं खेलता है तो भी हमारे पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। वे पेशेवर हैं और टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि शुभमन खेलेगा लेकिन नहीं भी खेलता है तो हमारे पास विकल्प हैं।' कोलकाता में पहले टेस्ट में ध्रुव जुरेल ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और कोटक ने इस संभावना से इनकार नहीं किया।

## भारत के लिये हर प्रारूप खेल पाना आसान नहीं : कुलदीप यादव

**गुवाहाटी:** भारत के बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि भारत में हर प्रारूप में खेलने का मौका मिलना आसान नहीं है लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आक्रामक मानसिकता से वह अपनी जगह बनाये हुए हैं। कुलदीप आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के बीच से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला खेलने स्वदेश लौट आये थे। उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिये हालांकि भारत 30 रन से हार गया था। सभी प्रारूप मिलाकर 342 विकेट ले चुके कुलदीप ने जियो स्टार के 'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित तौर पर आप तीनों प्रारूप खेलना चाहेंगे लेकिन टेस्ट खेलने में मजा आता है। भारत में सभी प्रारूपों में खेल पाना आसान नहीं है।' उन्होंने कहा ,'हर किसी को टेस्ट क्रिकेट पसंद है। सभी को इसमे मजा आता है लेकिन यह काफी चुनौतीपूर्ण भी



है। अगले चार पांच साल टेस्ट क्रिकेट में मेरे लिये काफी अहम हैं तो मैं अपनी फिटनेस बनाये रखने और इसी तरह से खेलने पर फोकस करूंगा।' उन्होंने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर वह स्पष्ट है और टीम प्रबंधन के सहयोग से वह आक्रामक मानसिकता के साथ खेल पाते हैं। कुलदीप ने कहा,'एक आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर मैं काफी स्पष्ट हूं। मुझे अपनी भूमिका पता है। कोच और कप्तान ने काफी स्पष्टता और सहयोग दिया है। मैं हमेशा आक्रामक मानसिकता से खेलता हूं और मेरा काम विकेट लेना है। कोच भी मुझसे यही चाहते हैं।'

## आस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन : शेट्टी और लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर



**सिडनी:** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गए। शेट्टी और लक्ष्य अंतिम आठ के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21 . 18, 21 . 11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की पांचवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21 . 17, 21 . 16 से हराया। लक्ष्य ने कड़े प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 63 मिनट में 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। वहीं इस साल प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21 . 19, 21 . 10 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना अब पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से होगा।

## माहित ने 50 मीटर राइफल प्रोन में रजत पदक के साथ बधिर ओलंपिक में तीसरा पदक जीता

**तोक्यो:** भारतीय राइफल निशानेबाज माहित संधू ने बृहस्पतिवार को यहां 25वें बधिर ओलंपिक की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ रजत पदक जीता जो प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है। माहित ने फाइनल में 246.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि चेक गणराज्य की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी की मीरा सुजसाना बियातोवस्की ने 225.0 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में जगह बनाने वाली भारत



की नताशा जोशी शूट आउट में पिछड़ने के बाद आठवें स्थान पर रहीं। फाइनल में माहित 14 शॉट के बाद चौथे स्थान पर थी लेकिन अगली सीरीज में वह यूक्रेन की वायोलेटा लिकोवा को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई और 20 शॉट पूरे होने तक इसी स्थान पर रहीं। माहित ने अगली सीरीज में 9.8 और 10.2 अंक जुटाए जबकि हंगरी की निशानेबाज 9.4 और 9.8 ही बना सकी जिससे भारतीय निशानेबाज दूसरे स्थान पर पहुंच गई। स्वोबोडोवा ने अपने अंतिम दोनों निशाने 10 अंक से अधिक मारकर सुनिश्चित किया कि माहित उन्हें नहीं पछाड़ पाएंगी। इससे पहले माहित ने क्वालीफिकेशन में छह सीरीज में 619.7 अंक के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नताशा ने 611.6 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।


### गोल्फर दीक्षा डागर ने बधिर ओलंपिक में स्वर्ण जीता

**तोक्यो:** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके बृहस्पतिवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक बरकरार रखा। चौबीस वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। इसके बाद 2021 में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। दीक्षा ने पहले दिन चार अंडर 68 स्कोर किया जिसके बाद 65 और 72 स्कोर रहा। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लेने वाली दीक्षा इसके एक साल बाद 18 वर्ष की उम्र में लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली अदिति अशोक के बाद दूसरी गोल्फर बनी थी।





## भारत में 5जी ग्राहकों की संख्या 2031 तक एक अरब के पार पहुंचने का अनुमान




**नयी दिल्ली:** देश में 2031 के अंत तक 5जी ग्राहकों की संख्या एक अरब के पार पहुंच सकती है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एरिक्सन मोबिलिटी की यह रिपोर्ट भारत में सेवा के लगातार बढ़ते उपयोग को रेखांकित करती है जहां प्रति स्मार्टफोन मोबाइल डेटा का इस्तेमाल सबसे अधिक है। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रति सक्रिय स्मार्टफोन मोबाइल डेटा इस्तेमाल 2031 तक 65 जीबी प्रति माह तक पहुंचने का अनुमान है जबकि अभी यह वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक 36 जीबी प्रति माह है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 5जी अपनाने की गति तेजी से बढ़ रही है। 2025 के अंत तक इसके ग्राहकों की संख्या 39.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी जो कुल मोबाइल कनेक्शन का 32 प्रतिशत होगी। इसमें अनुमान लगाया गया कि 2031 के अंत तक वैश्विक स्तर पर 5जी ग्राहकों की संख्या 6.4 अरब हो जाएंगी जो सभी मोबाइल कनेक्शन का दो-तिहाई हिस्सा होगा। एरिक्सन इंडिया के प्रबंध निदेशक नितिन बंसल ने कहा,'भारत में प्रति सक्रिय स्मार्टफोन मोबाइल डेटा इस्तेमाल 36 जीबी प्रति माह है। यह दुनिया में सबसे अधिक है और 2031 तक इसके बढ़कर 65 जीबी प्रति माह होने का अनुमान है।' उन्होंने कहा कि 5जी पहले से ही देश में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के रूप में काम कर रहा है। किफायती 5जी एफडब्ल्यूए ग्राहक परिसर उपकरण (सीपीई) की उपलब्धता और एफडब्ल्यूए उपयोगकर्ताओं द्वारा उच्च डेटा खपत भारत में डेटा इस्तेमाल में वृद्धि को बढ़ावा दे रही है।

# भारत, इजराइल ने एफटीए पर वार्ता शुरू करने के लिए नियम-शर्तों पर हस्ताक्षर किए

**तेल अवीव:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को नियम-शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। टीओआर में शुल्क और गैर-शुल्क रुकावटों को खत्म करके वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच, निवेश, ग्राहक संतुष्टि, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए सहयोग बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा इसमें सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों को



आसान बनाना भी शामिल है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमने आज टीओआर पर हस्ताक्षर किए हैं। अब हम जल्द ही बातचीत शुरू करने के लिए तारीख को अंतिम रूप देंगे।'' गोयल इजराइल में 60 सदस्यीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। वह द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए नेताओं और व्यवसायियों से मिलेंगे। टीओआर पर गोयल और इजराइल के आर्थिक मामलों एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत ने हस्ताक्षर किए। गोयल ने कहा कि इजराइली पक्ष ने बताया है कि वे डेयरी, चावल, गेहूं और चीनी जैसे संवेदनशील क्षेत्र में बाजार पहुंच की मांग नहीं करेंगे।

## दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों की सूची में जल्दी ही और भारतीय बैंक होंगे शामिल: आरबीआई गवर्नर

**नयी दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक विस्तार और बैंकिंग प्रणाली में वृद्धि की गति को देखते हुए, भारत के और भी घरेलू बैंक जल्द ही दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों की सूची में शामिल होंगे। मल्होत्रा ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स में वीकेआरवी राव स्मृति व्याख्यान देने के बाद छात्रों से बातचीत में कहा कि आरबीआई भारत के कई



बड़े बैंकों को वैश्विक सूची में शामिल नहीं कर सकता। जबकि इसमें उन्हें शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में कई बैंक हैं। जिस गति से वे बढ़ रहे हैं, मुझे लगता है कि यह केवल समय की बात है कि दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में हमारे कई बैंक शामिल होंगे।' वर्तमान में, केवल भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक ही दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में शामिल हैं। ये दोनों बैंक क्रमशः 43वें और 73वें स्थान पर हैं। इस महीने की शुरुआत में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा था कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में रिजर्व बैंक और वित्तीय संस्थानों के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा था, 'यह मौजूदा बैंकों से नए बैंक बनाने से नहीं हो सकता... विलय भी एक रास्ता हो सकता है। सही मायने में आपको एक ऐसे परिवेश की जरूरत है जिसमें ज्यादा बैंक काम कर सकें और आगे बढ़ सकें। भारत में यह माहौल पहले से ही अच्छी तरह से स्थापित है, लेकिन मुझे और ज्यादा गतिशील होने की जरूरत है।'

### आप अपना काम ईमानदारी से करते रहिये, सफलता जरूर मिलेगी: संजय मल्होत्रा

**नयी दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को छात्रों से सफलता हासिल करने के लिए अपना काम पूरी ईमानदारी और जज्बे के साथ करने को कहा। उन्होंने कहा, 'अपना कर्म करो, पूरे जुनून के साथ करो और सारे बिंदु खुद-बु-खुद जुड़ जाएंगे।'' राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स में छात्रों के साथ बातचीत करते हुए मल्होत्रा ने एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स के शब्दों का भी उल्लेख किया। एक छात्र ने जब रिजर्व बैंक गवर्नर बनने के लिए 'कुछ सुझाव' मांगे, उस पर उन्होंने कहा कि किसी को केवल परिणामों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब मैं अपने ही संस्थान, आईआईटी कानपुर गया था, तब मुझसे भी यही सवाल पूछा गया था। और इसलिए, मैंने कहा कि यह ऐसी चीज है जिसका आप वास्तव में अनुमान नहीं लगा सकते।'

## रिलायंस ने ईयू की पाबंदियों के चलते अपनी निर्यात वाली रिफाइनरी में रूसी तेल का इस्तेमाल रोका

**नयी दिल्ली:** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुजरात के जामनगर में अपनी सिर्फ निर्यात वाली रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल रोक दिया है। कंपनी ने यूरोपीय संघ (ईयू) की पाबंदियों के चलते यह फैसला लिया है। रिलायंस भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार है, जिसे वह जामनगर में अपने बड़े तेल शोधन परिसर में शोधित कर पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदलती है। यह परिसर दो रिफाइनरियों से बना है - एक एसईजेड इकाई जिससे यूरोपीय संघ, अमेरिका और दूसरे बाजारों में ईंधन निर्यात किया जाता है, और दूसरी पुरानी इकाई जो घरेलू बाजार की जरूरतें पूरी करती है। यूरोपीय संघ रिलायंस के लिए एक बड़ा बाजार है और उसने रूस के ऊर्जा राजस्व को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर



पाबंदियां लगाई हैं। इसमें रूसी कच्चे तेल से बने ईंधन के निर्यात और बिक्री पर रोक लगाने वाले उपाय भी शामिल हैं। ऐसे में रिलायंस ने अपनी सिर्फ निर्यात वाली एसईजेड रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का शोधन बंद कर दिया है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया, ''हमने 20 नवंबर से अपनी एसईजेड रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है।'' रिलायंस ने कहा कि एक दिसंबर से उसकी एसईजेड रिफाइनरी से निर्यात होने वाले सभी उत्पाद गैर-रूसी कच्चे तेल से बने होंगे।

### शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी; सेंसेक्स 446 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच तेल एवं गैस तथा चुनिंदा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 446 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 139 अंक मजबूत हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 446.21 अंक यानी 0.52 प्रतिशत चढ़कर 85,632.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 615.23 अंक चढ़कर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 85,801.70 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,192.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 26,246.65 अंक पर पहुंच गया था। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में तेजी से मानक सूचकांक कारोबार के दौरान साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक सबसे अधिक लाभ में रहीं।

### न्यूज अपडेट

#### कमजोर वैश्विक संकेतों से सोना 600 रुपये गिरकर 1,26,700 रुपये पर, चांदी भी टूटी

**नयी दिल्ली:** कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1,26,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी की कीमतें 2,000 रुपये लुढ़ककर 1,58,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। डॉलर के मजबूत होने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की अमेरिका की नई कोशिशों की खबरों के बाद सोने की सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई।''

#### रुपया 20 पैसे टूटकर 88.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 20 पैसे टूटकर 88.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में आई बड़ी मजबूती तथा फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से रुपये में यह गिरावट आई। विदेशी मुदा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बैठक के ब्योरे में यह इशारा मिलने से कि ज़्यादातर अधिकारी अक्टूबर में ब्याज दर में कटौती के बाद दिसंबर में ब्याज कटौती के खिलाफ थे, डॉलर में तेजी आई है और यह 100 के स्तर से ऊपर चला गया है।

#### आईटीसी ने कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज से स्वैच्छिक रूप से अपने शेयर हटाए

**नयी दिल्ली:** विविध कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (सीएसई) से अपने शेयर को स्वैच्छिक से हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। आईटीसी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज ने 20 नवंबर 2025 से आईटीसी के साधारण शेयर को अपनी 'आधिकारिक एक्सचेंज सूची' से स्वैच्छिक रूप से हटाने की मंजूरी दे दी है। आईटीसी ने कहा, 'यह ध्यान देने योग्य बात है कि कंपनी के साधारण शेयर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड पर अब भी सूचीबद्ध हैं।' आईटीसी के निदेशक मंडल ने 30 अक्टूबर को हुई बैठक में सेबी (शेयर डीलिस्टिंग) विनियम, 2021 के विनियम 5 व 6 के तहत सीएसई से कंपनी के साधारण शेयर को स्वैच्छिक रूप से हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद उसने सीएसई को एक पत्र लिखकर अपने शेयर को हटाने के फैसले की जानकारी दी। इसके जवाब में सीएसई ने 19 नवंबर 2025 को एक पत्र के माध्यम से आईटीसी को अपने शेयर को स्वैच्छिक रूप से हटाने को मंजूरी दे दी।

#### खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में आठ प्रतिशत बढ़कर 35.77 करोड़ टन पर: सरकारी आंकड़ा

**नयी दिल्ली :** देश में खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 35.77 करोड़ टन हो गया। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में खाद्यान्न उत्पादन 33.23 करोड़ टन रहा था। फसल वर्ष 2024-25 के लिए खाद्यान्न उत्पादन के अंतिम अनुमान जारी करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन किसानों के प्रयासों और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद सहित सरकारी नीतियों का नतीजा है। अंतिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.79 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 11.33 करोड़ टन था। चावल का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर रिकॉर्ड 15.02 करोड़ टन हो गया। एक साल पहले 2023-24 में यह 13.78 करोड़ टन था। मोटे अनाज का उत्पादन भी 5.69 करोड़ टन से बढ़कर 6.39 करोड़ टन हो गया। दालों का उत्पादन बढ़कर 2.57 करोड़ टन हो गया जो 2023-24 में 2.42 करोड़ टन था।

वर्ष 10, पूर्णांक 3416 अंक 226, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in